दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 98
कोटद्वार गुरूवार
3 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मोदी उपनाम मामले में राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब, कहा– दोषसिद्धि टिकाऊ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने हमेशा कहा है कि वह अपराध के दोषी नहीं हैं और दोषसिद्धि टिकाऊ नहीं है। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि अगर उन्हें माफी मांगनी होती और अपराध को कम करना होता, तो उन्होंने बहुत पहले ऐसा कर लिया होता।

राहुल गांधी ने अपने हलफनामे में कहा है कि शिकायतकर्ता गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश ईश्वरभाई मोदी ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपने जवाब में उनका वर्णन करने के लिए 'अहंकारी' जैसे निंदनीय शब्दों का इस्तेमाल केवल इसलिए किया क्योंकि उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया था। हलफनामे में कहा गया है कि आपराधिक प्रक्रिया और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत परिणामों का उपयोग करके राहुल गांधी को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए मजबूर करना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इस अदालत द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।इसमें कहा गया है कि एक निर्वाचित सांसद के रूप में अपराध को एक मामूली अपराध मानते हुए और उन्हें होने वाली अपूरणीय क्षति को देखते हुए उनके पास एक 'असाधारण' मामला है... दूसरी ओर, शिकायतकर्ता के लिए कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

# विधानसभा क्षेत्र कपकोट में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

### सीएम ने नर्सिंग कॉलेज, आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की दी स्वीकृति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र कपकोट के ससोला में नर्सिंग कालेज खोले जाने, कपकोट में स्थित केदारेश्वर स्टेडियम की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य किये जाने, जनपद हरिद्वार के जलभराव वाले क्षेत्रों को आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आगामी 03 माह तक विद्युत, जल व अन्य सरकारी देयकों एवं ऋणों की वसूली को स्थगित रखे जाने की सहमति, आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तीव्रता से व्यापक सर्वेक्षण कर-ाकर मानकानुसार तत्काल राहत राशि / मुआवजा का वितरण सुनिश्चित किए जाने की भी सहमति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने भविष्य में इस प्रकार की आपदा की पुनरावृत्ति को रोकने एवं बचाव के लिए बाढ़ प्रबन्धन योजना पर कार्य किए जाने तथा इसके साथ ही जल निकासी की व्यापक योजना तैयार किए जाने की भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही भविष्य में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए नदियों को चौनेलाईज कराये जाने का कार्य कराये जाने हेतु ठोस कदम उठाये जाने, आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार स्थायी बाढ़ राहत केन्द्रों का निर्माण कराए जाने संबंधी प्रस्तावों का मुख्यमंत्री ने अनुमोदन किया। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उच्च स्तर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए खटीमा क्षेत्र में पुस्तकालय तैयार करने, खटीमा में जलभराव से निजात के लिए ड्रेनेज प्लान तैयार किये जाने एवं चरणबद्ध रूप से नालों का निर्माण किये जाने के साथ ही विविध हस्तशिल्पों और हथकरघा क्षेत्र में आजीविका की व्यापक सम्भावना व विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार किये जाने, खटीमा क्षेत्र के आईटीआई व अन्य विषयों के साथ क्षेत्र के हस्तशिल्प व हथकरघा की विशेष कलाओं के संरक्षण एवं विकास के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की है।

## ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी के फैसले की छह महीने में होगी समीक्षा: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। प्रेसवार्ता के दौरान वित्त मंत्री ने बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताया। इस दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग और हॉर्स रेसिंग पर 28% जीएसटी की समीक्षा अगले छह महीने में की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक के दौरान दिल्ली, गोवा और सिक्किम ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी के फैसले की समीक्षा करने की मांग की।वित्त मंत्री ने कहा कि परिषद ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी लगाने के फैसले की छह महीने समीक्षा करेगी उसके बाद इस पर फिर से फैसला लिया जाएगा। परिषद ने सिफारिश की कि ऑनलाइन गेमिंग पर आपूर्ति का मूल्यांकन खिलाड़ी की ओर सेभुगतान की गई राशि के आधार पर किया जा सकता है।

# नैनीताल के ओखलढूंगा में फटा बादल, घरों में घुसा पानी और मलबा

**कालाढूंगी(नैनीताल)** । नैनीताल में कोटाबाग के ग्राम पंचायत ओखलढूंगा में बादल फटने की घटना से लगभग 50 परिवारों के घरों और गौशाला में पानी और मलबा घुस गया। प्रभावित परिवारों को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढुंगा में विस्थापित किया गया है

पूर्व विधायक प्रतिनिधि नैनीताल कृपाल बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों की पूरी फसल नष्ट हो गई है। वहीं रामनगर से 25 किमी दूर कालाढूंगी तहसील के पाटकोट–भलोन के बीच का नाला उफान में आ गया। दूसरी तरफ पिथौरागढ़ में सुबह बारिश जारी है। चीन सीमा को जोड़ने वाला धापा– मिलम मोटर मार्ग धापा के समीप बोल्डर मलबा गिरने से बंद हो गया है। लिपुलेख सड़क पहले से बंद है। जिले में 18 से अधिक सड़कों में मलबा आया है। ग्राम प्रधान प्रति चौरसिया और क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदन चौधरी ग्रामीण हीरा भंडारी,गणेश पटवाल,मोहन चौरसिया, मोहन जोशी आदि ने प्रशासन से किसानों की फसल के नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा और डोन नाले में तटबंध बनाने की मांग की है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने पूरे प्रदेश के लिए तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## पांच जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मां–बेटी झुलसीं

**देहरादून।** उत्तराखंड के पांच जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। वहीं, अन्य जिलों में भी कई दौर की बौछारदार बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूरे प्रदेश के लिए तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

जबकि देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के अधिकतर इलाकों में तेज बारिश होने की अधिक आशंका जताई है। उत्तरकाशी में बड़कोट के नौगांव ब्लाक के बचाण गांव में खेतों में काम कर रही मां–बेटी पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से दोनों झुलस गईं। दोनों को 108 की मदद से सीएचसी बड़कोट लाया गया है।

## नदी में बहे दो मजदूर

**गोपेश्वर ( चमोली)** । बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत निर्माणाधीन वैकल्पिक पुल का ढांचा खड़ा किए जाने के दौरान हादसा हो गया। ढांचा गिरने से दो मजदूर अलकनंदा नदी में बह गए। एक मजदूर को तो बचा लिया गया, लेकिन दूसरा मजदूर लापता है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है।

# भूस्खलन की रोकथाम के लिए होगी जिओटेक्निकल, जियोफिजिकल, टोपोग्राफिकल जांच : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**हरिद्वार** : जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मनसा देवी स्थल में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने भीमगोड़ा, देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम पहुंच कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को मनसा देवी स्थल में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के निर्देश देते हुए कहा कि मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की संपूर्ण जांच कराई जाएगी। उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर और उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर अथॉरिटी मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि मनसा देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और हरिद्वार की शान है। इस लिए परिक्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की जिओ टेक्निकल, टोपोग्राफिकल और जियोफिजिकल जांच करवाई जाएगी और उसके पश्चात इसकी रोकथाम के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस मौके पर प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, लव शर्मा, आशु चौधरी, सचिन शर्मा, नकली राम सैनी, जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल, एसएसपी अजय सिंह, सीडीओ प्रतीक जैन, निदेशक लैंडस्लाइड शांतनु सरकार, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, डीएफओ राजाजी, हरिद्वार, नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार आदि उपस्थित थे।



**कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज मनसा देवी स्थल में हो रहे भूस्खलन का निरीक्षण करते हुए।**

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years | B.Sc. IT 3 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# ओपन फाउन्डेशन से बने सेतुओं की जैकेटिंग कर उन्हें सुरक्षित किया जाय : महाराज

### लोनिवि मंत्री ने आपदा के दृष्टिगत की लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने लोक निर्माण विभाग के यमुना कॉलोनी स्थित मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में आपदा के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग के कार्यों की बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए प्रदेश में सड़कों और सेतुओं की स्थिति का भी आंकलन किया। उन्होंने निर्देश दिये गये कि जो सेतु ओपन फाउन्डेशन से बने हैं, उनकी जैकेटिंग करते हुए उन्हें सुरक्षित किया जाय। उन्होंने लोनिवि अधिकारियों से कहा कि चारधाम की समस्त सड़कों को हमेशा खुले रखने का भरसक प्रयास किये जाय एवं बन्द होने की स्थिति में उनके वैकल्पिक मार्गो का प्रचार-प्रसार किया जाय। उन्होंने सड़कों पर पर्याप्त साईनेज लगाये और पैच रिर्पोटिंग ऐप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ-साथ सड़कों के दोनों तरफ की नालियों की लगातार सफाई किये जाने के भी आदेश दिये। उन्होंने कहा कि यदि ट्राली ऑपरेट हो रही है तो उसकी सुरक्षा हेतु उचित प्रबन्ध कर लिया जाय। आपदा की दृष्टि से विभाग को अर्लट मोड पर रखने के लिए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को यमुना कॉलोनी स्थित प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग सभागार में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक में प्रदेश की सड़कों और सेतुओं की स्थिति के जानकारी लेने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। लोनिवि मंत्री श्री महाराज ने बताया कि बुधवार तक प्रदेश में कुल 250 सड़कें बन्द थी, जिसमें से 42 सड़कों को यातायात हेतु खोल दिया गया है। जबकि अवशेष 208 सड़कों को तत्काल खोलने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये है। फील्ड अधिकारियों को अपने फोन 247 ऑन रखने के कड़े निर्देश भी दिए गये हैं ताकि जन सामान्य आपदा की स्थिति में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर सके। लोनिवि मंत्री श्री महाराज ने कहा कि मार्गों, आर.ओ.बी. एवं आर.यू.बी. के नीचे जहां-जहां जलभराव की समस्या हो रही है, उसकी वीडियोग्राफी करते हुए स्थान चिन्हित कर डिवॉटरिंग हेतु सम्पवेल एवं पम्प लगाने की कार्यवाही की जाये। बैठक में लोनिवि के कार्यवाहक प्रमुख अभियन्ता दयानन्द, मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग, ओम प्रकाश, मुख्य अभियन्ता (नियोजन), एनपी सिंह, मुख्य अभियन्ता, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून एवं मुख्यालय में तैनात अन्य अभियन्ता मौजूद थे।

## पुलिस ने आरोपी साधु को किया गिरफ्तार

चमोली : बदरीनाथ में साथी साधु को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी साधु को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने आरोपी साधू को न्यायिक अभिरक्षा में पुरसाड़ी स्थित जिला जेल भेज दिया है। साथ ही जिस साधू की हत्या हुई थी उसके शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को अन्य साथियों को सौंप दिया है। बता दें 31 जुलाई की रात को बदरीनाथ में बाबा काली कमली धर्मशाला में रह रहे साधू मलरेड्डी नवीनरेड्डी उर्फ दत्तचैतन में अपने साथी साधू बाबा सुनकरा रामदास उर्फ मोहन कृष्णानंद की हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। साधू ने एक अगस्त को स्वयं बदरीनाथ कोतवाली में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया था।

मामले में बाबा काली कमली धर्मशाला के मैनेजर पूरन सिंह की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। जिसके आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी साधू को गिरफ्तार कर दिया था।

# अनियमितता के आरोप साबित होने पर पुरोला नपं अध्यक्ष को पद से हटाया

देहरादून। शहरी विकास विभाग ने पुरोला नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी को पद से हटा दिया है। विभागीय जांच में उन पर वित्तीय अनियमितता के आरोप साबित हुए हैं। अपर सचिव शहरी विकास नवनीत पांडेय की ओर से नेगी को पद से हटाने के साथ ही वहां अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित कर दिया गया है।

हरिमोहन नेगी के खिलाफ स्थानीय सभासदों ने मोर्चा खोला हुआ था। शिकायतों के बाद जिलाधिकारी उत्तरकाशी ने गत वर्ष जुलाई में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी, जिस पर शासन ने हरिमोहन नेगी का भी पक्ष लिया था। नेगी ने इन सभी आरोपों को नकार दिया था, इसके बाद निदेशालय स्तर पर मामले की जांच के बाद अब विभाग ने उन्हें पद से हटा दिया है। पिछले सप्ताह ही रुड़की नगर निगम के मेयर गौरव गोयल को भी ऐसे ही आरोपों के बाद पद से हटा दिया था। वहीं, उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण के खिलाफ भी जांच चल रही है।

सभासदों ने लगाए थे आरोपः सभासदों ने नेगी पर राज्य वित्त, 15वां वित्त आयोग और अवस्थापना विकास निधि के कार्यां में अनियमितता के साथ ही कई मामलों में अधिक भुगतान के आरोप लगाए थे। इसके साथ ही उन पर 14 दिसंबर 2020 को आयोजित बोर्ड बैठक के प्रस्तावों में कटिंग – ओवर राइटिंग करने के भी आरोप लगे थे। हालांकि नेगी ने बताया कि मूल प्रस्ताव लिखने वाले कार्मिक की गलती से यह कांट छांट की गई थी। जिलाधिकारी की जांच में कहा गया कि नगर पंचायत में कोविड के दौरान 26.25 लाख की सामग्री क्रय की गई लेकिन रिकॉर्ड में इसका कोई विवरण उपलब्ध नहीं है। इसी तरह उन पर नियम विरुद्ध आउटसोर्स के जरिए चार कार्मिकों की नियुक्ति का भी आरोप था। सभासदों ने आरोप लगाया था कि नेगी निजी वाहनों में तेल भरवा कर उसका इस्तेमाल रिश्तेदारों की शादियों और राजनैतिक कार्य के लिए करते हैं, जबकि इसका बिल पालिका के नाम काटा जाता है।

### गोल्डन कार्ड योजना में शामिल हो सभी पेंशनर्स

देहरादून। गवर्नमेंट पेंशनर वेलफेयर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट की। संगठन के अध्यक्ष चौधरी ओमवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश जोशी और सुशील त्यागी ने गोल्डन कार्ड योजना में शामिल होने से वंचित रह गए पेंशनर्स को योजना में शामिल करने की मांग की। पेंशनर्स सुशील त्यागी ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सकारात्मक कार्यवाही करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया है। कहा कि पेंशनर्स के हित में जो भी संभव होगा, वह किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य प्राधिकरण की सलाहकार समन्वय समिति में संगठन के प्रतिनिधित्व को भी शामिल करने की मांग पर सहमति बनी।

## एनएच की लापरवाही, डेंजर जोन बनें और खतरनाक



रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे पर चौड़ीकरण के बाद भले ही कई नए डेंजर जोन बन गए हैं, किंतु एनएच लोनिवि की लापरवाही के चलते यह डेंजर जोन और भी खतरनाक बन गए हैं। एक ओर पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा बना है वहीं इन स्थानों पर गिरे मलबे को भी समय पर साफ नहीं किया जा रहा है, जिससे निरंतर दुर्घटनाओं का खतरा बना है।

केदारनाथ हाईवे पर मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर तहसील के सामने पहाड़ी से गिरे मलबे के ढेर को साफ नहीं किया जा रहा है। यह स्थान पहले ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र है। पहाड़ी से पत्थर गिरा तो सड़क पर चल रहा कब चपेट में आ जाए कहना मुश्किल है। इस स्थान पर आवाजाही काफी खतरनाक बनी है। सड़क के नीचे की तरफ गहरी खाई से लगी उफनती मंदाकिनी नदी है तो पहाड़ी की तरफ से लगातार पत्थर गिरने का भय बना है।

वहीं एनएच की लापरवाही से हाईवे पर मलबे का ढ़ेर लगा है जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। हालांकि कुछ मलबा हटा दिया गया है, किंतु फिर भी यहां गिरे मलबे से दुर्घटना की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता बंटी जगवाण, अशोक चौधरी, जितार जगवाण, चन्द्रमोहन गुंसाई ने कहा कि एनएच की लापरवाही से हाईवे के कई स्थानों पर मलबे के ढ़ेर लगे हैं जो दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं।

### घर में उच्च गुणवत्ता के एमसीबी बॉक्स लगाएं

टिहरी : नरेन्द्रनगर बाजार क्षेत्र में ऊर्जा निगम की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ऊर्जा निगम ने नगर के विभिन्न जगहों पर पोस्टर लगाकर जनता को विद्युत से संबंधित जानकारी दी। नरेन्द्रनगर में कार्यरत ऊर्जा निगम जेई सूरत सिंह गुसाईं ने लोगों से विद्युत संबधिंत शिकायत या कहीं पर करंट लीकेज होने की तत्काल विद्युत कर्मचारियों से शिकायत दर्ज करने को कहा। उन्होंने लोगों से अपने घरों में उच्च गुणवत्ता के एमसीबी बॉक्स लगाने को भी कहा। साथ ही अपने पालतू पशुओं को विद्युत के पोल के नजदीक न बांधने पशुओं और स्वयं को बिजली की तारों से दूर रखने की अपील की।

# डिजिटल प्लेटफार्म यू-विन के माध्यम टीकाकरण शुरू



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम को डिजिटल बनाने की कवायद के तहत बुधवार को 06 टीकाकरण सत्रों के सफल आयोजन के साथ जनपद में डिजिटल प्लेटफार्म यू-विन के माध्यम टीकाकरण का शुभारंभ हो गया। आगामी 07 अगस्त से जनपद के सभी 81 स्वास्थ्य केंद्रों में यू-विन प्लेटफार्म के माध्यम से नियमित टीकाकरण किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि मातृ-शिशु टीकाकरण को डिजिटल बनाने हेतु को-विन की तर्ज पर यू-विन प्लेटफार्म बनाया गया है। यू-विन पोटर्ल पर पंजीकरण उपरांत टीकाकरण किया जाना है। इसके तहत आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से उसके क्षेत्र के टीकाकरण लाभार्थियों का यू-विन एप या पोर्टल पर पंजीकरण किया जाएगा, साथ ही एएनएम द्वारा टीकाकरण करने के साथ-साथ पोर्टल पर टीकाकरण विवरण का अपडेशन करना होगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत बुधवार को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि व जखोली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ, स्वास्थ्य उपकेंद्र तुनेटा व गुप्तकाशी में यू-विन के माध्यम से ऑन लाइन टीकाकरण सत्र का आयोजन कर 101 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों के लिये ठोस नीति न बनाने पर भड़के पूर्व अध्यक्ष

टिहरी : प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिये ठोस नीति न बनाने पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष ने रोष जताया है। कहा कि उत्तराखंड राज्य बने 23 वर्ष हो गये हैं, किसी भी सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिये कोई ठोस नीति नहीं बनाई है, जिससे दिव्यांग जनों की अपेक्षा हो रही है।

संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह रावत ने कहा कि समाज के अन्य वर्गों के लिये सरकार ने कई योजनाएं संचालित की है, लेकिन दिव्यांजनों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिससे दिव्यांगजनों में रोष व्याप्त है। कहा कि प्रदेश बनने से पूर्व प्रत्येक जिले में दिव्यांगजन कल्याण विभाग होते थे, जहां पर दिव्यांगजन अपनी समस्या रखते थे, लेकिन उत्तराखंड बनने के बाद राज्य सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण विभाग का समाज कल्याण में विलय कर दिया, जिसके कारण दिव्यांगों की समस्याऐं हल नहीं हो पाती है। उन्होंने प्रत्येक जिले में दिव्यांग कल्याण विभाग खोलने, दिव्यांग के लिये विशेष भर्ती अभियान चलाने, दिव्यांग परार्मश समिति बनाने, विभिन्न विभागों में दिव्यांगों की भर्ती करने, राज्य परिवहन की बसों में दिव्यांगों को निःशुल्क यात्रा सहित अन्य मांगों पर शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग की है। (एजेंसी)

### मेवात के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

रुद्रप्रयाग : हरियाणा के मेवात में हुई घटना पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने विरोध जताया। उन्होंने हरियाणा सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। विहिप के जिलाध्यक्ष भरत सिंह रावत, बलवीर सिंह, अवधेश कप्रवाण, राजेश सेमवाल व राजेंद्र सिंह का कहना है कि बीते दिनों हरियाणा के मेवात में एक धार्मिक यात्रा में हुए पथराव व मारपीट घटना निंदनीय है। इस घटना को कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों में इस प्रकार के कृत्यों से लगता है कि देश का माहौल बिगाड़ने वाले दंगाईयों के हौसलें बुलंद है। जो चिंता का विषय है।

# सीडीओ झरना कमठान ने की मेरी माटी मेरा देश अभियान को भव्य स्वरूप देने हेतु संबंधित अधिकारियों संग बैठक



देहरादून। जपनद में मेरी माटी मेरा देश अभियान को भव्य स्वरूप देने हेतु जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर आज मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान ने विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारी एवं खण्ड विकास व नगर निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए भारत सरकार एवं शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं छोटे नगर निकाय क्षेत्रों में 09 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक तथा 16 अगस्त से 20 अगस्त 2023 तक बडी नगर पालिका एवं नगर निगमों में कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। जिस हेतु उन्होने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के रोस्टर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तर्ज पर अभियान को भव्य स्वरूप देना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को कार्य आबंटित किए जायेगें। उन्होने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपने दायित्व के प्रति सक्रीयता से कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने अभियान के अंतर्गत 09 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे, जल निकाय, नदी, जल स्त्रोत पर, पंचायत कार्यालय, स्कूल या अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर शिला फलकम की स्थापित की जायेगी। पंचप्रण शपथ एवं सेल्फी को आयोजन किया जाए जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिट्टी अथवा मिट्टी का दीया लेकर पंचप्रण शपथ ली जायेगी। उन्होंने कहा कि वसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका बनाया जायें जिस हेतु उन्होंने वन विभाग एवं उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीरों का वन्दन कार्यक्रम को लेकर उन्होनें कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं शहिदों के परिवारों को सम्मानित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त रक्षाकर्मियो, राज्य एवं केन्द्रीय सुरक्षा बलों, राज्य पुलिस कर्मियों एवं ड्यूटी के समय शहीद हुए बहादुरों के परिवार को भी सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में कार्यक्रम के दौरान झण्डा रोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। कहा कि कार्यक्रम हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दिनांक 13 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 के मध्य समस्त नागरिक अपने–अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाएगें। जिस हेतु समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये तथा जनपद वासियों का अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से विकास खण्ड तथा विकास खण्ड से दिल्ली कर्तव्य पथ तक मिट्टी यात्रा निकाली जायेगी। कहा कि छोटे शहरी निकायों/कैन्टोनमैंट बोर्ड एवं नगर पंचायतों में ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त कार्यक्रम दिनांक 09 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 तक आयोजित किये जायेंगे। वही बडी नगर पाालिकाओं एवं निगमों में उपरोक्त कार्यक्रम दिनांक 16 अगस्त 2023 से 20 अगस्त 2023 तक की अवधि में आयोजित किये जायेंगे।

# राज्यपाल ने किया राजभवन में साइकिलिंग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में साइकिलिंग कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के तीन प्रतिभागियों को रिकॉर्ड दूरी तय करने हेतु राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में 60 वर्ष से ऊपर की आयु की कैटेगरी में कर्नल अनिल गुरुंग (रि.), कैप्टन गोपाल राणा (रि.) और पुष्पेन्द्र सिंह पंवार ने साइकिल से (देहरादून–लेह–देहरादून) 2022 कि.मी. की दूरी तय करने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। युवा इवेंट मैनेजर की कैटेगरी में रवि कुमार ने भी खिताब जीता। इसके अलावा एक अन्य प्रतियोगिता के विजेता 15 प्रतिभागियों को भी राज्यपाल ने मेडल देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सभी के जुनून के कारण यह सभी संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आप सभी का साइकिल के प्रति लगन सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आपने साइकिलिंग के माध्यम से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने साइकिल में महिलाओं की भागीदारी पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

### नशीले कैप्सूल और गोलियां बेचने दून पहुंचा गाजियाबाद का तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। गाजियाबाद से नशीले कैप्सूल और गोलियां बेचने दून पहुंचे तस्कर को रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 384 कैप्सूल और 480 प्रतिबंधित नशीली गोलियां मिली हैं। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि पूर्व में सपेरा बस्ती में पुलिस ने नशा तस्करी को लेकर सत्यापन की कार्रवाई की थी। इस दौरान कुछ तस्करों के यहां पहुंचने की जानकारी मिली। इस आधार पर निगरानी की गई। मंगलवार देर रात पुलिस को पता लगा कि एक तस्कर यहां पहुंचने वाला है। रायपुर रोड थाने से पहले गुरुद्वारे के पास स्कूटर सवार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान दिलशाद निवासी मवाना, मेरठ के रूप में हुई। आरोपी से नशीली सामग्री मिलने पर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### विभागों में सिविल, इलेक्ट्रिकल के काम अलग–अलग करने को संघ ने बनाया दबाव

देहरादून। शासन ने विभागों में सिविल और इलेक्ट्रिकल के कार्यों के अलग अलग टेंडर और अलग– अलग इंजीनियरों से काम कराने को नई नीति बनाने की तैयारी की है। शासन की इस पहल का जल निगम डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने इसे प्रमुख मांगों में शामिल बताया। जल्द व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ अध्यक्ष रामकुमार ने कहा कि विभागों में सिविल और इलेक्ट्रिकल के कार्यों के अलग अलग टेंडर करने की बजाय ज्वाइंट टेंडर किया जा रहा है। इसके कारण सिविल के इंजीनियर ही ज्वाइंट वेंचर में काम कर रहे हैं। अकसर इलेक्ट्रिकल वाले हिस्से के पार्टनर के बीच में ही काम छोड़ने के कारण सिविल वाला पार्टनर ही पूरा काम कराता है। इसके कारण अकसर गुणवत्ता प्रभावित होती है। यही काम इलेक्ट्रिकल के ठेकेदारों के सिविल के काम कराने से पेश आ रही है। ऐसे में ये सख्ती से सुनिश्चित किया जाए कि सिविल कांट्रेक्टर सिविल और इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर इलेक्ट्रिकल के ही काम करे।विभाग की ओर से भी सिविल और इलेक्ट्रिल इंजीनियर के कार्यों को पूरी तरह बांट कर कराया जाए। कहीं भी सिविल के काम इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रिकल के काम सिविल इंजीनियरों से न कराए जाएं। पूर्व में संघ की इस मांग को कभी भी शासन स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रट परिसर स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने आज कलेक्ट्रट परिसर स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रिकार्डरूम, संयुक्त कार्यालय, प्रोटोकॉल आदि पटलों का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश उप जिलाधिकारी मुख्यालय को दिए।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि पत्रावलियों को अनावश्यक लम्बित न रखें जो पत्रावली लिम्बित है उसका कारण भी दर्ज करें तथा जनमानस से मधुर व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि अनाश्यक परेशान की जाने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा पुष्टि होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पटल पर जो कार्य सम्पादित हो रहा है का विवरण/सूची लगाई जाए ताकि जनमानस को अनावश्यक न भटकना पड़े। प्रत्येक पटल पर आवेदनों की स्थिति की जानकारी रखेगें तथा उप जिलाधिकारी मुख्यालय को नियमित मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पत्येक पटल पर रजिस्टर रखते हुए प्राप्त आवेदनों/प त्रावलियों का अंकन किया जाए साथ ही पत्रावली/आवेदन किस स्तर पर है का विवरण उल्लिखित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि विभिन्न पटल पर रोस्टवार अधिकारियों (अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी) की ड्यूटी लगाई जाए जो निरीक्षण करते हुए मॉनिटिरिंग करेंगे। निरीक्षण के दौरान एक आन्दोलनकारी द्वारा लम्बे समय से पेंशन न मिलने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित पटल से जानकारी लेने पर बताया गया कि जीवन प्रमाण पत्र न देने के फलस्वरूप पेंशन में विलम्ब हुआ है, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित पटल से ऐसे समस्त प्रकरणों का विवरण तलब करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, मुख्य वैयैक्तिक सहायक वीरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग ने लगाई फांसी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर में एक नाबालिग ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि मानपुर निवासी सक्षम 17 वर्ष बुधवार सुबह अपने कमरे में बैठा था। कुछ देर बाद जब स्वजनों ने उसके कमरे में देखा तो वह फांसी से लटका हुआ था। आनन-फानन में स्वजन उसे लेकर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि सक्षम ने फंसी किस कारण लगाई इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

## बैठक दस को

**कोटद्वार** : गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन की बैठक दस अग्रस्त को आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए यूनियन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि बैठक यूनियन के भवन में होगी। बैठक में विभिन्न कार्यो को लेकर चर्चा की जाएगी।

# पनियाली गदेरे पर बनी अधिकांश पुलिया को खतरा, नींद में सरकारी सिस्टम

## पुलियाओं की नींव हुई खोखली, भू-कटाव से गिरने का बना है अंदेशा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मालन नदी का पुल धराशायी होने के साथ ही कौड़िया में पनियाली गदेरे की भेंट चढ़ी पुलिया के बाद भी सरकारी सिस्टम सुध लेने को तैयार नहीं है। हालत यह है कि नगर क्षेत्र के बीच से होकर गुजरने वाले पनियाली गदेरे पर बनी अधिकांश पुलिया खतरे की जद में आ गई हैं। कहीं पुलिया की नींव खोखली हो चुकी है तो कहीं भू-कटाव से उनके ढहने का खतरा बना हुआ है।

### शिकायत के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

जर्जर हालत में खड़ी पुलिया की शिकायत क्षेत्रवासी कई बार सरकारी सिस्टम से कर चुके हैं। बावजूद इसके सरकारी सिस्टम इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। यही नहीं कौड़िया से गब्बर सिंह कैंप को जोड़ने वाली पुलिया की स्थिति के बारे में भी क्षेत्रवासी प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। नतीजा ध्यान नहीं देने के कारण पुलिया पनियाली गदेरे की भेंट चढ़ गई थी।

पनियाली गदेरे के साथ ही अन्य बरसाती गदेरों पर बने पुलों का निरीक्षण करवाया जाएगा। खतरे में आ रहे पुलों की मरम्मत के लिए नगर निगम अथवा लोनिवि की मदद से कार्य योजना तैयार की जाएगी।

**...प्रमोद कुमार, उपजिलाधिकारी, कोटद्वार**

घाड क्षेत्र के जंगल से निकलने वाला पनियाली गदेरा तीन किलोमीटर नगर क्षेत्र के बीच से होकर गुजरता है। गदेरे के आसपास आबादी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए दशकों पूर्व करीब दो दर्जन से अधिक पुलिया का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, वर्तमान में यह पुलिया खतरे की जद में आ चुके हैं।

यही नहीं, दो दशक पूर्व करोड़ों की लागत से बने आमपड़ाव-शिवपुर पुलिया की नींव भी खोखली हो गई है। चंद दूरी पर बने छोटी पुलिया का एक हिस्सा भी ढ़हने की स्थिति में पहुंच गया है। नजीबाबाद चौराहे से करीब पांच सौ मीटर दूर देवी रोड पर स्थित पुलिया के एक हिस्से में तेजी से भ-कटाव हो रहा है। ऐसे में पुलिया को भी खतरा पैदा हो गया है। जबकि, यातायात की दृष्टि से यह पुल अति महत्वपूर्ण है।



कोटद्वार के मोहल्ला कौड़िया में गिरने के कगार पर खड़ा पुल

देवी रोड से कौड़िया के बीच पड़ने वाले सभी छोटी पुलिया कब पनियाली गदेरे की भेंट चढ़ जाएं, कहा नहीं जा सकता। वहीं, कौड़िया में बस्ती को आपस में जोड़ने के लिए बनी पुलिया की नींव खोखली होती जा रही है। पुलिया के पिल्लर पर दरारें पड़ने लगी है। जर्जर हालत में खड़ी इस पुलिया से बस्तीवासी अब भी आवाजाही कर रहे हैं।

# स्पीड ब्रेकर पर फूटा गुस्सा, वार्डवासियों ने किए ध्वस्त



बदभद्रपुर मोहल्ले में ब्रेकर ध्वस्त करते वार्डवासी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बदभद्रपुल में नियमों के विरुद्ध बनाए गए ब्रेकर की चपेट में आने से हुई बाइक सवार की मौत के बाद वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्डवासियों ने मार्ग पर बने ब्रेकर को ध्वस्त करते हुए लोक निर्माण विभाग से अन्य ब्रेकरों की स्थिति भी सुधारने की मांग उठाई।

तीन दिन पूर्व बलभद्रपुर मोहल्ले में बीच सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर की चपेट में आने से मोटर नगर निवासी पारस रावत की मौत हो गई थी। इसके बाद आक्रोशित वार्डवासियों का मोहल्ले की सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर पर गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्लेवासियों ने हाथों में गेंती व फावड़े लेकर स्पीड ब्रेकर को तोड़ दिया। वहीं, उन्होंने लोक निर्माण विभाग पर नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर ब्रेकर बनाने का आरोप लगाया। कहा कि पूरी सड़क पर कई फुट ऊंचे ब्रेकर बनाए गए हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। पूर्व में वार्डवासियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत भी करवाया था। लेकिन, सरकारी सिस्टम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजा ब्रेकर निर्माण में बरती लापरवाही से एक युवक की जान चली गई।

# नशे के खिलाफ एकजुट हो समाज

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने स्कूली बच्चों से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को संयुक्त प्रयास करने होंगे। इस दौरान पुलिस ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देने की सीख दी।

कोटद्वार को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। बुधवार को टीम ने नवयुग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है।



नशे के खिलाफ आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस कर्मी

समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए। आज नशे के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। कार्यशाला के दौरान दी जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

## अशासकीय स्कूलों की अनियमितताओं की हो जांच

**पौड़ी** : पयासू गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिक्षा विभाग के अशासकीय स्कूलों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अशासीकीय स्कूलों में विभिन्न मामलों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। शिक्षा विभाग के अशासकीय स्कूलों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पयासू गांव के निवासी राजेश कोली ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना दिया। आरोप है कि उन्होंने अशासकीय स्कूलों में विभिन्न मामलों को लेकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अभी तक इस बाबत कोई कदम विभाग ने नहीं उठाएं। कोली इससे पूर्व पौड़ी एडी दफ्तर के बाहर भी धरना दे चुके हैं। पौड़ी में स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर धरना देते हुए पयासू गांव निवासी राजेश सिंह राजा कोली ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह आज से आयुक्त गढ़वाल के दफ्तर में धरना देंगे।

# नूंह की घटना पर भड़का विहिप, फूंका पुतला



कोटद्वार के झंडाचौक में जिहादियों का पुतला दहन करते विहिप सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार:** हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा पर विश्व हिंदू परिषद ने रोष व्यक्त किया है। सदस्यों ने जिहादियों का पुतला दहन करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के सदस्य झंडाचौक चौराहे के समीप एकत्रित हुए। यहां उन्होंने जिहाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विहिप के जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह रावत ने कहा कि हरियाणा के नूह में बजरंग दल की शोभायात्रा पर जिहादियों ने हमला कर दिया। प्री प्लानिंग के तहत हमला करने से बजरंग दल के कई सदस्यों की मौत हो गई। खुलेआम हथियार लहराए जा रहे थे। सदस्यों ने मंदिर व पहाड़ी की ओर भागकर अपनी जान बचाई। प्रशासन ने दंगे को लेकर अपनी सही रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। कहा कि देश में हिंदू समाज के लोगों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। सरकार को पूरे मामले की जांच कर आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में विहिप जिला मंत्री सचिन नेगी, हर्ष भाटिया, मनोज शाह, आदर्श रावत, संजय थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## साहिल, मुकुंद और हर्षिता ऑल इंडिया के लिए चयनित

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर के तीन शूटरों ने देहरादून में चल रही 21वीं उत्तराखंड शूटिंग चैंपियनशिप में नार्थ जोन और ऑल इंडिया के लिए क्वालिफाई किया है। हिल शूटिंग एकेडमी के को-ऑर्डिनेटर अमित नेगी ने बताया कि एकेडमी से मात्र दो महीने की ट्रेनिंग लेकर पिस्टल में साहिल सजवान, मुकुंद पुरी और राइफल में हर्षिता रावत ने नार्थ जोन और ऑल इंडिया की शूटिंग चैंपियनशिप में चयनित होने पर श्रीनगर का नाम रोशन किया है। कहा यह गढ़वाल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हिल शूटिंग एकेडमी के डायरेक्टर और कोच धीरेंद्र सिंह नेगी ने तीनों का चयन नार्थ जोन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए होने पर खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

# समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर भड़का नागरिक मंच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** नागरिक मंच की मासिक बैठक में क्षेत्र की समस्याओं का अब तक समाधान न होने पर रोष व्यक्त किया गया। कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए अभियान चलाया जायेगा।

व्यापार मंडल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मंच की ओर से समस्याओं को उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि वर्तमान में बेस चिकित्सालय स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। स्टाफ की कमी के कारण आमजन को टेस्ट बाहर से करवाने पड़ रहे हैं। क्षेत्र की पुलों की दुर्दशा पर रोष व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकारी तंत्र की नाकामी के कारण भाबर क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खनन कारियों के अवैध खनन के कारण मालन नदी का पुल टूट गया।

इस कारण वहां की जनता को लंबा रास्ता तय कर मुख्य बाजार तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं नालों की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। साथ ही सड़कों पर घूमता बेसहारा गौ वंश भी आम जन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मंच के सदस्यों ने शासन-प्रशासन से अविलंब इन समस्याओं का समाधान करने की अपील की। बैठक में सीपी नैथानी, अतुल भट्ट, एसएन नौटियाल, देवव्रत काला, महावीर रावत, राजेंद्र पंत, विजय माहेश्वरी, प्रवेश नवानी, विपुल उनियाल, भारत भूषण और विनोद अग्रवाल आदि थे।

## अवैध नियुक्तियों पर कांग्रेस ने जताया रोष

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अनिल रतूड़ी के नेतृत्व में युवाओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवाओं ने आयुर्वेदिक विवि तथा उत्तराखंड मुक्त विवि में हुई अवैध नियुक्तियों पर रोष व्यक्त किया।

मालवीय उद्यान में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड चिकित्सा सेवा बोर्ड द्वारा चिकित्साधिकारियों के चयन में घोर लापरवाही बरती गई है। परीक्षा में 80 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया है, जबकि एक रसूखदार की बेटी को निर्धारित प्रतिशत प्राप्त न करने के बाद भी चयनित कर दिया गया।

कहा कि जब चयन का आधार साक्षात्कार रखा गया था तो लिखित परीक्षा करवाने की क्या आवश्यकता थी। वहीं उत्तराखंड मुक्त विवि में भी नियुक्तियों में लापरवाही बरतते हुए बिना योग्यताधारी अभ्यर्थियों का चयन कर दिया गया है, जो बेरोजगारों के साथ अन्याय है।

बैठक में हिमांशु रावत, अनमोल अग्रवाल, उमेश रावत, शुभम द्विवेदी, शुभम उनियाल, रोहित नेगी, राजेश बिष्ट और कृष्ण कुमार सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

# 81 प्रतिशत से अधिक छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड श्रीनगर के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि संस्थान के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट अनुभाग के अथक प्रयासों से संस्थान ने अपने प्लेसमेंट अभियान में औसत पैकेज एवं प्लेसमेंट दर में वृद्धि के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में पहली बार शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के दौरान बीटेक प्रोग्राम के 81 प्रतिशत छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है। कहा विभिन्न ब्रांचों में 8.2 लाख रुपये प्रतिवर्ष के औसत पैकेज और 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष के अधिकतम पैकेज के साथ छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है।

प्रो. अवस्थी ने कहा कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में एमटेक छात्रों के प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में शत प्रतिशत छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है जबकि सभी इंजीनियरिंग ब्रांचेज को मिलाकर एमटेक छात्रों का प्लेसमेंट 50 प्रतिशत रहा है। प्लेसमेंट सत्र 2022-23 में बीटेक प्रोग्राम में 10 प्रतिशत और एमटेक प्रोग्राम के प्लेसमेंट में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कहा बीटेक बैच के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं से 27 छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे ओरेकल, सैमसंग, ओपटिम, आकाशबाइजू, फनाटिक, रेनीशॉ, यूनीकॉमर्स, एडोबी, टोरकाई, थॉटस्पॉट आदि में इंटर्नशिप मिली है। उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए प्लेसमेंट गतिविधियाँ शुरू कर दी गई हैं। 2 यूजी छात्रों को रु. 40 हजार प्रति माह की इंटर्नशिप पर ऑप्टिम में चुना गया है। 2 पीजी छात्रों में से एक को ईविगवे में रु. 15 हजार प्रति माह की इंटर्नशिप के लिए एवं दूसरे छात्र को एसटीमाइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड. में रु. 35 हजार प्रति माह की इंटर्नशिप के लिए चुना गया है। कहा वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए बीटेक और एमटेक छात्रों की नियुक्ति का लक्ष्य 90 प्रतिशत से अधिक तय किया गया है। इसके लिए छात्रों के समग्र व्यक्तित्व में सुधार करने के लिए छात्रों को कॉर्पोरेट बॉडी लैंग्वेज, ग्रुप चर्चा, सामान्य जागरूकता सत्र, व्यक्तित्व प्रभाव जैसे कौशल भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई भी दी। (एजेंसी)

## पौड़ी जेल से चार कुख्यात हरिद्वार शिफ्ट, डिप्टी जेलर की अतिरिक्त तैनाती की

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : पौड़ी जिला कारगार से बुधवार को कुख्यात प्रकाश पांडे सहित चार को कड़ी सुरक्षा के साथ हरिद्वार कारागार शिफ्ट कर दिया गया। इन सभी हत्या और लूट के मुकदमे हैं। पौड़ी जिला कारागार में इससे पूर्व हरिद्वार जेल से कुख्यात सुनील राठी को मंगलवार को ही शिफ्ट किया गया था। राठी के पौड़ी कारागार शिफ्ट होते ही यहां सजा काट रहे कुख्यातों की शिफ्टिंग शुरू हो गई। वहीं पौड़ी जिला कारागार में सुरक्षा के मद्देनजर एक डिप्टी जेलर की अतिरिक्त तैनाती भी की गई है।

बुधवार को पौड़ी जिला कारागार में सजा काट रहे चार कुख्यातों को एक साथ हरिद्वार जेल के लिए कड़ी सुरक्षा में शिफ्ट किया गया। पौड़ी जिला कारागार से शिफ्ट होने वाले अंडर वर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी पर उत्तराखंड सहित गुजरात, दिल्ली आदि प्रदेशों में कई मुकदमे है। प्रकाश पांडे को जिला कारागार चमोली से बीते अप्रैल में पौड़ी जिला कारागार शिफ्ट किया गया था। इसके साथ ही आजीवन कारावास की सजा काट रहे रहीश उर्फ सत्रा को भी यहां से शिफ्ट किया गया है, वह यहां बीते सितंबर से सजा काट रहा था। रहीश पर भी हत्या का मुकदमा है। पौड़ी के जेलर डीपी सिंहा ने बताया कि जेल से विमल और मनप्रीत चहल को भी हरिद्वार जेल भेजा गया है। वहीं सुरक्षा के लिहाजा से पौड़ी जिला कारागार में एक डिप्टी जेलर की तैनाती के आदेश जारी किए गए है। जल्द ही डिप्टी जेलर यहां तैनात होंगे।

## जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लोग काट रहे चक्कर

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि वह इन प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए ब्लॉक व ग्राम पंचायत अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी और सीएससी सेंटर के माध्यम से कुछ समय पहले तक जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था थी। लेकिन हाल ही में पोर्टल चेंज होने से लोगों को इन प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र न बन पाने के बारे में स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जा रही है। जिससे उनके महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन उक्त मामले का संज्ञान लेकर तत्काल लोगों को समस्या से निजात दिलाए। इधर एडीओ पंचायत गोपाल सिंह नेगी का कहना है कि पहले सीएससी के माध्यम से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने की व्यवस्था थी, लेकिन हाल ही में पोर्टल चेंज होने के कारण अब सीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र बनाए जाने हैं। जिसमें अभी ग्राम पंचायत अधिकारियों की आईडी एप्रूव नहीं हो पाई है। कहा आईडी एप्रूफ होते ही प्रमाण पत्र बनने शुरू हो जाएंगे। (एजेंसी)

# पौड़ी में आतंकवाद का फूंका पुतला, अपराधियों को मिले सख्त सजा

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : हरियाणा के मेवात में हुई घटना को विश्वश्व हिंदू परिषद ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। घटना से आक्रोशित विभिन्न संगठनों ने आतंकवाद का पुतला फूंका। कहा कि इस घटना में बलिदान हुए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ व घायलों को 20 लाख दिया जाए। पूरे मेवात क्षेत्र को सील करके कांबिंग कराई जाए और एक-एक अपराधी को पकड़कर सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए।

बुधवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री मातंग मलासी ने कहा कि श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार पर मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन के पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। कहा कि बीते सोमवार को यहां 20 से 25 हजार लोग पहुंचे हुए थे। यात्रा शुरू होने के बाद उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने व आगजनी शुरू कर दी। दो लोगों को गोलियां लगीं। लगभग सारे वाहन जला दिए या तोड़ दिए गए।

जब पुलिस आती है तो पुलिस को देखकर उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलियां बरसाना शुरू कर देते है। विहिप ने आरोप लगाया कि इस घटना के जिम्मेदार वे लोग हैं जो इन दंगाइयों को भड़काते हैं उनके भड़काने के कारण से ही, मुहर्रम व रामनवमी पर हमले होते हैं। कहा कि यह दुष्कृत्य किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बताया कि हिंदू धार्मिक यात्रा पर हुए इस क्रूर हमले के विरोध में जिहाद का पुतला दहन किया गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश गौड़, बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चमोली, सह संयोजक दीपक रावत, भुवन डोभाल, कुसुम चमोली, बीरा भंडारी, संजय चौहान, पंकज डोभाल, रेखा बलूनी, डब्बल सिंह, संजय, महिताब, सूरज रावत, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने सीखें योग से निरोग रहने के गुर

**पौड़ी** : सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के छात्र-छात्राओं को योग से निरोग रहने के गुर सिखाए गए। इस मौके पर स्कूली बच्चों को योग के साथ-साथ मानवीय मूल्यों, स्वास्थ्य, एकाग्रता, आत्म विश्वास व प्रतिबद्धता के संवर्धन विकास के लिए विभिन्न तकनीकों की भी जानकारी दी गई। कहा कि योग बच्चों और शिक्षकों के लिए भी अहम है। उन्होंने विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान केंद्रित समेत सुदर्शन क्रिया के भी गुर सिखाए। योग प्रशिक्षक सुनील पंत, प्रमिला रावत और सुदर्शन बिष्ट ने स्कूली छात्रों को धूम्रपान, तम्बाकू, शराब और ड्रग्स से दूर रहने के लिए भी योग को जरूरी बताया। कहा कि योग के नित्य अभ्यास से सभी व्यसनों को बचा जा सकता है।

इस मौके पर विद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र नेगी, हर्षवर्धन भट्ट, रजनीश सेमवाल, मालती आदि शामिल रहे।

# तेज बारिश से घरों में घुसा मलवा

अल्मोड़ा : विगत रात्रि हुई तेज बारिश से रानीधारा क्षेत्र में सड़क से लगते कई घरों में मलवा और पानी भर गया जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय सभासद एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू सूचना मिलने पर सुबह से ही रानीधारा क्षेत्र में डटे रहे। लोगों का कहना है कि रानीधारा सड़क में बन रही सीवर लाईन का कार्य संतोषजनक नहीं हो रहा है। कार्यदाई संस्था द्वारा सीवर लाईन डालने के नाम पर सड़क तो पूरी खोद दी गई लेकिन इसे ऐसे ही छोड़ दिया गया, जिससे सड़क की सारी मिट्टी और मलवा उनके घरों में भर गया। मौके पर पहुंचे लक्ष्मेश्वर वार्ड सभासद अमित साह मोनू ने कहा कि उनके द्वारा अनेकों बार सीवर लाईन डालने वाले सम्बन्धित विभाग एवं ठेकेदार से इस बारे में कहा गया परन्तु सभी बेपरवाह बने हैं जिसके परिणामस्वरूप बीती रात हुई तेज बारिश में सड़क का मलवा और पानी



लोगों के घरों में भर गया। सड़क की स्थिति भी इतनी खराब है कि लग रहा यह सड़क ना होकर कोई नाला हो। वहीं, प्रभावित लोगों का कहना है कि सीवर लाईन पड़ने से उनके घरों को खतरा उत्पन्न हो गया है, यदि बरसात और होती है तो उन्हें अनहोनी की आशंका है। सभासद ने कहा कि अगर सीवर लाईन डालने वाले ठेकेदार ने अपना काम तरीके से किया होता तो आज यह नौबत नहीं आती। जिन लोगों के घरों में मलबा घुसा उन्होंने स्वयं के खर्च पर मजदूर लगाकर अपने घरों से मलबा साफ करवाया। सभासद अमित साह मोनू ने कहा कि यदि शीघ्र सम्बन्धित विभाग, नगरपालिका और प्रशासन ने रानीधारा का संयुक्त निरीक्षण कर स्थाई समाधान नहीं निकाला तो वे स्थानीय जनता के साथ आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

## महिला होमगार्ड भर्ती के लिए 23 तक करें आवेदन

रुद्रपुर : महिला होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया शुरु हो गई है। जनपद में 30 पदों के लिए 23 अगस्त तक आवेदन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला होमगार्ड भर्ती करने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद होमगार्ड मुख्यालय की ओर से मानक तय कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऊधमसिंह नगर जनपद में सामान्य के 17, अनुसूचित जाति के 6, ओबीसी के 4 व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 3 पद आरक्षित किए हैं। इन पदों के लिए 23 अगस्त तक आवेदन किए जाएंगे। आवेदनों की जांच के बाद एक सितम्बर से चयन प्रक्रिया प्रारम्भ होगी तथा 15 सितम्बर तक परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला कमाण्डेंट होमगाड्र्स प्रतिमा ने बताया कि भर्ती को लेकर विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। (एजेंसी)

# दो आवारा गायों को भेजा गौ सदन



अल्मोड़ा : नगर क्षेत्र में घूम रही नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में आवारा गई गायों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। नगर में आवारा घूम रही 2 गायों को नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा ज्योली गौ सदन भेजा गया। साथ ही नगर पालिका परिषद द्वारा आवारा गोवंश को शहर में छोड़ने पर एक व्यक्ति का पांच हजार रूपये का चालान कर नगद वसूली की गयी।

नगर पालिका का कहना है कि नगर में घूम रही आवारा गायों को गौ सदन भेजने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। यहाँ अभियान में सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, रूप सिंह, हरीश, संजय, संदीप, बसंत, गिरीश, विनोद, सुनील व चंदन लाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ठेका सफाई कर्मियों ने फूंका पालिका प्रशासन का पुतला



रुद्रपुर : ठेका सफाई कर्मियों ने सफाई का ठेका निरस्त करने तथा मोहल्ला स्वच्छता समिति में बेरोजगार युवकों को रखने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर पालिकाध्यक्ष का पुतला फूंका। मांगें नहीं मानी जाने पर क्रमिक अनशन जारी रखने का ऐलान किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण मित्र बुधवार को पालिका कार्यालय के समक्ष एकत्र हुए। उन्होंने सफाई का ठेका निरस्त की मांग करते हुए पालिकाध्यक्ष के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। नारेबाजी कर पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का पुतला भी दहन किया। अश्वनी कुमार ने कहा कि ठेका सफाई कर्मी गत 28 जुलाई से सफाई का ठेका निरस्त कर कर्मचारियों को मोहल्ला स्वच्छता समिति में समायोजित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन पालिका प्रशासन हठधर्मिता के चलते उनकी मांगों की लगातार अनदेखी कर रहा है। आरोप लगाया कि पालिका में चल रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले में ठेका सफाई कर्मचारी किसी भी दबाव में नहीं आएंगे तथा मांगें पूरी होने तक विरोध-प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर राकेश सांवरिया, अंकित कुमार, सचिन रजत वाल्मीकि अनिल कुमार गुड्डु, वाल्मीकि, राकेश कुमार, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं, नगर पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था और घरों से कूड़ा उठान का कार्य जारी रहेगा।

## हरियाणा में धार्मिक यात्रा पर हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

रुद्रपुर : हरियाणा के नूंह मेवात में धार्मिक यात्रा पर हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल चौक पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से हमले में मारे गए मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर घटना के विरोध में पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने हरियाणा सरकार से उपद्रवियों को चिह्नित कर रासूका लगाने की मांग की। साथ ही धार्मिक यात्रा में मारे गए मृतकों के परिवार को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान विहिप के संगठन मंत्री उमाकांत, जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा, जोगेंद्र सिंह, अनमोल मिश्रा, पुनीत पाल, मोंटी शर्मा, समर्थ मिश्रा, मनीष रघुवंशी, रमेश पाल मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम ने की इको टूरिज्म के पर्यटन बढ़ाने पर चर्चा

अल्मोड़ा : जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में ईको टूरिज्म समिति की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में इको टूरिज्म के रूप में गतिविधियों को बढ़ाने तथा अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ ही पर्यटन के माध्यम से जनपद की आर्थिकी बढ़ाने जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में दूनागिरी राजकीय उद्यान के 102 हेक्टेयर क्षेत्र में कैंपिंग, इको औद्यानिकी तथा स्टार गेजिंग के विकास पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधितों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। दूनागिरी-कुकुछीना-महावतार बाबा गुफा के रूट का भी विकास किए जाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। बैठक में कुकुछीना से पांडवखोली ट्रेक का भी विकास करने पर चर्चा की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने



कांसेप्ट नोट तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कोसी से कौसानी तक कोसी नदी के किनारे साइकिल ट्रेक बनाने पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को इसका मुआयना करने तथा एक कांसेप्ट नोट तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा वन प्रभाग दीपक सिंह, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अमित लोहनी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

# हरियाणा की घटना पर भड़का बजरंग दल, फूंका पुतला

पिथौरागढ़ : हरियाणा के मेवात नूंह में हुई हिंसा से बजरंग दल में आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने घटना को निंदनीय बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही हिंसा में मारे गए और घायल हुए लोगों को मुआवजा देने को कहा है। बुधवार को नगर में प्रांत सुरक्षा प्रमुख सोनम पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांधी चौक में एकत्र हुए।

इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला जलाया। पांडेय ने कहा कि नूंह में धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा के दौरान कुछ लोगों ने तीर्थयात्रियों पर पथराव किया और गोलियां बरसाई। इस हादसे में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है, साथ ही अन्य लोगों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी है। विभाग मंत्री कैलाश जोशी ने केंद्र और



हरियाणा सरकार से मेवात को सील कर घर-घर जाकर तलाशी कर दोषियों को पकड़ने और उन्हें सख्त सजा देने की मांग उठाई। जिला संयोजक पवन नाथ ने कहा कि अगर शीघ्र दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर विनीत पाठक, मुकेश भट्ट, रजनीश वर्मा, हरीश खड़ायत, महेश जोशी, धीरज वर्मा, ललित ऐरी, राजेंद्र सिंह नेगी, राजू फरमाल, विनय पांडेय, गजेंद्र बिष्ट, सुरेश जोशी, समुत, मोंटी, किशोर, ललित सिंह नेगी, गिरीश सौन, गोपाल धामी, तारा दत्त पांडेय, आनंद थापा, फकीर राम, केडी भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अगस्त क्रांति दिवस पर सेनानी परिवार होंगे सम्मानित

पिथौरागढ़ : नगर में उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन ने बैठक की। नग रपालिका सभागार में संगठन के अध्यक्ष मनोहर सिंह खाती की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान सदस्यों ने आगामी क्रांति दिवस को लेकर चर्चा की। इस दौरान संगठन ने लिया निर्णय लिया है कि इस वर्ष अगस्त क्रांति दिवस उत्साह से मनाया जाएगा। स्कूली बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। इसके अलावा सेनानी परिवार के सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा। इससे पूर्व राजेश मोहन उप्रेती ने वर्ष भर की गतिविधियों को सभा के समक्ष रखा। इस मौके पर मंत्री पंकज भट्ट, , प्रेम चंद, कैलाश सिंह शाह, गोविंद सिंह चौहान, पूरन चंद मखौलिया, गोपाल दत्त शर्मा, कल्याणी सिंह दिगारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने दिखाई प्रतिभा



अल्मोड़ा : अंडर-17 राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हल्द्वानी में आयोजित किया गया था।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग मिश्रित युगल में सिद्धार्थ रावत ने अपने जोड़ीदार एंजल पुनेरा के साथ खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में भी सिद्धार्थ ने कांस्य पदक जीता है, जबकि बालक युगल वर्ग में अपने जोड़ीदार अल्मोड़ा के ही आदित्य कनवाल के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता है। सिद्धार्थ रावत की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा एवं जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के अध्यक्ष प्रशांत जोशी, उपाध्यक्ष गोकुल मेहता, उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव बीएस मनकोटी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। (एजेंसी)

# सहारा के प्रबंधकों को 67 हजार 5 सौ 60 रुपये देने के आदेश

रुद्रपुर : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के प्रबंधकों को वाद दायर करने वाले को सात प्रतिशत ब्याज सहित 67,460 की राशि देने के आदेश दिए हैं। कंपनी को पांच हजार का वाद व्यय भी देना होगा। खरी अल्मोड़ा निवासी रमेश कुमार वर्मा पुत्र गणेशी लाल वर्मा ने उपभोक्ता आयोग में 13 जून 2022 को मैनेजर कार्यालय आदर्श कॉलोनी, रीजनल मैनेजर सहारा केडिट चेयरमैन, सहारा इण्डिया ग्रुप सहारा भवन, कपूरथला कॉम्पलेक्स लखनऊ के प्रबंधकों के विरुद्ध परिवाद दायर किया था। रमेश वर्मा ने कहा कि उन्होंने 29 जनवरी 2018 को खाते में 50 हजार रुपये जमा किए थे।

29 जनवरी 2021 को परिपक्वता अवधि पूर होने पर रकम नहीं दी गई। इसमें संबंध में 11 माई 2022 को विपक्षियों को नोटिस दिए गए, लेकिन उनका भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह, नवीन चन्द्र चन्दोला और देवेन्द्र कुमारी तागरा ने दोनों पक्षों को सुना। इसके बाद कंपनी को 30 दिन के भीतर 67,460 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने के आदेश दिए। यह ब्याज 29 जनवरी 2021 से भुगतान की तिथि तक देय होगा। (एजेंसी)

## बारिश से किसानों को राहत

रुद्रपुर : बुधवार की तड़के से शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। पिछले 11 दिनों से बारिश नहीं होने से सितारगंज में किसानों के खेतों में ट्यूबवेल चल रहे थे।

## नूंह हिंसा के विरोध में विहिंप ने निकाला जुलूस, फूंका पुतला

काशीपुर : हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकाला। भगत चौक पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने दंगाइयों के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। राजहंस ने कहा कि समाज की भावनाओं को आहत किए जाने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। घटना के दोषियों पर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं होने पर विहिप कार्यकर्ता भगवा ध्वज के साथ आंदोलन करेंगे।

# रजिस्ट्रार काननूगो की हड़ताल, काम प्रभावित, डीएम को दिया ज्ञापन

अल्मोड़ा : जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा ने तहसील में रजिस्ट्रार काननूगो की हड़ताल से वादकारियों को हो रही परेशानी से जिलाधिकारी अल्मोड़ा को अवगत कराया और ज्ञापन दिया। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं का कहना है कि रजिस्ट्रार काननूगो की जो भी मांग है उसको अपने स्तर से पूर्ण करें और व्यवस्थाओं को सुचारू करें, जिससे दूर दराज से आ रहे लोगों को समाना ना करना पड़े। दाखिल खारिज नामांकन न हो पाने के कारण आम जन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन उपाध्यक्ष कुन्दन लटवाल व कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार के साथ ज्ञापन देने वालों में



उपसचिव भगवत मेर, पूर्व उपाध्यक्ष आर पी भट्ट, पूर्व उपसचिव दीप चन्द्र जोशी, पूर्व कोषाध्यक्ष हिमांशु मेहता, केवल सती, जगदीश चन्द्र तिवारी, नवीन चन्द्र जोशी, प्रताप सिंह अधिकारी, निर्मल रावत, मनोज कुमार पंत, दीवान सिंह लटवाल, पूर्व उपसचिव कवीन्द्र पंत आदि अधिवक्ता शामिल रहे। (एजेंसी)

# तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

अल्मोड़ा : विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोडा उत्तराखंड के प्रायोगिक प्रक्षेत्र, हवालबाग में आईएफएफडीसी और नाबार्ड द्वारा प्रायोजित उन्नत कृषि उत्पादन तकनीकी से आय वृद्धि पर एक तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाकृअनुप विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोडा के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने किया। कार्यक्रम में नैनीताल, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा सहित विभिन्न जिलों के 30 किसानों ने भाग लिया और



विभिन्न कृषि और कृषि व्यवसाय से संबंधित मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने में अपनी रुचि दिखाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष कुमार सिंह, प्रियंका खाती और महेंद्र भिंडा द्वारा किया गया।

## आंदोलनकारियों को पेंशन का भुगतान जल्द करें

रुद्रपुर : चार माह से पेंशन न मिलने से परेशान राज्य आंदोलनकारियों ने जल्द पेंशन भुगतान करने की मांग को लेकर डीएम उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा, कर्मचारियों की कमी से कागजी कार्रवाई न होने से जिले में 635 आंदोलनकारियों को चार माह से पेंशन भुगतान नहीं हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने डीएम से ऑनलाइन डाटा तैयार कर आंदोलनकारियों के खाते में जल्द पेंशन भुगतान करने की मांग की है।

# किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर : केलाखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में युवक पर घर में घुसकर जबरन नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर बताया था कि उनके पड़ोस में रहने वाला एक युवक उनके घर में घुस गया तथा



उनकी नाबालिग पुत्री से जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ति बालिका ने अपनी मां को इसकी जानकारी दी। महिला की शिकायत पर केलाखेड़ा पुलिस ने तत्काल आरोपी सोनू उर्फ काका पुत्र भगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। केलाखेड़ा एसओ ललित मोहन रावल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (एजेंसी)

सम्पादकीय


# नियंत्रण से बाहर मंडी

मानसून के दौरान खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के बाद राज्य सरकार की हस्तक्षेप के पश्चात जनपदों में जिला प्रशासन ने अब्जियों की रेट सूची जारी की, थी लेकिन इन सूची का कोई असर मंडियों पर नजर नहीं आया और एक बार फिर रसोई से टमाटर गायब होने लगा है। सारे पूर्व के रिकॉर्ड तोड़ते हुए टमाटर इस बार 200 प्रति किलो का आंकड़ा भी पार कर चुका है और इसके दाम 240 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुके हैं। लगातार बढ़ रही टमाटर की कीमतों के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार द्वारा महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए किए गए प्रयासों पर जिला प्रशासन खरा नहीं उतर पाया हैं। मंडियों में जिला प्रशासन की सूची के बाद भी मनमाने दामों पर सब्जियां बिक रही है और सूची महज एक मजाक बनकर रह गई है। हर सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को उचित दामों पर वस्तुएं उपलब्ध कराए, खासतौर से दैनिक उपभोग की वस्तुएं, जो कि आम नागरिक के नियमित जीवन यापन से जुड़ी हुई हो। प्रशासनिक प्रयासों से ही यह संभव है कि खाद्य पदार्थों के दामों को लेकर मूल्य नियंत्रण लग सके लेकिन आमतौर पर कालाबाजारी एवं कमीशन खोरी मूल्य नियंत्रण को प्रभावित करती है। लगातार हो रही बरसात के कारण टमाटर की आवक नहीं हो पा रही है जिस कारण मंडियों में दाम बेतहाशा तौर पर बढ़ गए हैं। इधर कीमतें एक बार बढ़नी शुरू हुई तो सरकार के लिए कीमतों पर लगाम करना बेहद मुश्किल हो गया।

20 प्रति किलो से दाम कुछ दिन पूर्व १८० प्रति किलो पहुंचा था जो अब २४० प्रति किलो पहुंच गया। उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर टमाटर उपलब्ध कराने के लिए 80 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मंडियों में टमाटर की बिक्री शुरू की गई लेकिन यह योजना प्रभावी साबित नहीं हुई। दाम नियंत्रण काबू से बाहर होने के बाद मुनाफाखोरी एवं जमाखोरी पर लगाम कसने के लिए छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई लेकिन हर बार की तरह यह प्रयास औपचारिकता से अधिक कुछ साबित नहीं हुई। मंडियों में कार्रवाई के नाम पर कुछ कारोबारियों के प्रतिष्ठानों के आगे नोटिस चस्पा किए गए लेकिन दाम इस कार्रवाई के बाद भी नियंत्रण में आए हो ऐसा कुछ नजर नहीं आया। अभी तो फिलहाल दाम काबू से बाहर हो चुके हैं और जो लोग एक पाव टमाटर से कम चला रहे थे उन्होंने भी अब हाथ पीछे खींच लिए हैं। स्पष्ट है कि सरकारी प्रयास असफल साबित हो चुके हैं और जिला प्रशासन का मंडी पर नियंत्रण नहीं रह गया है। खाद्य पदार्थों के दामों को लेकर अक्सर जिला प्रशासन व खाद्य विभाग पूर्व आकलन करने में असफल साबित होता है साथ ही शुरुआती दौर में सरकार की तरफ से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते जिस कारण ना केवल महंगाई को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हैं बल्कि आम आदमी के लिए भी अभाव के बीच जीवन यापन करना एक विवशता बन चुका है।

# उफ ! आत्मघाती 21वीं सदी

सर्वत्र वायरस फैले हुए हैं। इस्लाम के अहंकार से शुरू सदी अब चाइनीज, स्लैविक, यहूदी, हिंदू आदि तमाम सभ्यताओं में किस्म–किस्म के तानाशाह पैदा किए है। चीन के शी जिनफिंग ने पूरी पृथ्वी की धुरी होने का 150 करोड़ चीनियों को सपना बेचा हुआ है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन का सपना है कि वे स्टालिन वाला गौरव पाएं। जारशाही जैसा रूसी साम्राज्य बने तो उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति का सपना है कि दुनिया के कथित चौकीदार पर मिसाइल दाग कर उसे उसकी औकात दिखलाई जाए! वही हम हिंदू अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अवतार से अपने आपको विश्वगुरू बना समझ रहे हैं। हर नेता दहाड़ रहा है। हर नेता जिद्दी है। हर नेता आत्ममुग्ध है। हर नेता गर्मी खाता हुआ है, गर्मी निकालता हुआ है। सवाल है गर्मी सन् 2000 के बाद कैसे लगातार बनती और बढ़ती हुई है? क्यों 9/11, अफगानिस्तान और इराक रणक्षेत्र बने या पुतिन के दिमाग में यूक्रेन को खाने की भूख बनी? किसी भी तरह सोचें, किसी भी आग्रह–पूर्वाग्रह या विचार के खांचे में विचार करें तो एक ही कारण जिम्मेवार लगता है। और वह यह कि मनुष्य उस दिमाग का मारा है जो धरती के तमाम जीव–जंतुओं और पशुओं की सभी तरह की प्रवृत्तियों का समुच्चय है। मानव दिमाग क्योंकि भिन्न–भिन्न पशुओं के स्वभाव के बीजों में रचा–पका है तभी वह न तो पशु अतीत से बाहर निकल पाता है और न समय उसे सौ टका मनुष्य बना पाया है।



**हरिशंकर व्यास**

हर दौर वक्त की छाप लिए होता है। वह राहु–केतु–शनि की प्रवृत्तियों के अपने साये में जीव–जंतुओं का खेला बनाए होता है। तभी तो मौजूदा दौर विनाश के विषाणुओं, वायरस का है। मानो समय थक गया है। पृथ्वी छीज गई है। पिछली सदी के आखिर में व इक्कीसवीं सदी के आरंभ में उम्मीदों का उत्साह था। नई सहस्त्राब्दी, ग्लोबलाइज्ड जीवन, तकनीक–संचार–डिजिटल क्रांति की भविष्यगामी उमंगें थीं। मिलेनियम पीढ़ी, भावी पीढियों का सुनहरा वक्त आता लगता था। इतिहास खत्म होने मतलब लड़ाई–झगड़े, युद्ध की समाप्ति की भविष्यवाणी थी। टाइम कैप्सूल के गड्ढों में अतीत दफन होता हुआ था। तभी अचानक 9/11 हुआ। और सोचें, उस दिन और आज के दिन के 22 वर्षों पर? क्या समय की छाप का निचोड़ वायरस–विनाश काल नहीं है? पृथ्वी गर्म है। जलवायु–आबोहवा असहनीय है तो पृथ्वी के आठ अरब लोग कुल मिलाकर उन वायरसों के मारे हैं, जिसका नाता अतीत से है। मनुष्य की शैतानी व पशुगत प्रवृत्तियों की निचताओं से है।

मोटा–मोटी हम भारतीयों को यह सब समझ नहीं आता है। हम क्योंकि गुलामी और बेसुधी में जीने के संस्कारों में ढले हुए हैं तो यह सुध संभव नहीं है कि वायरस अनुभव ने 140 करोड़ लोगों की जिंदगी को कैसे छिजाते हुए है। हम कैसे और कितने अतीतगामी हो गए हैं। लूट और अशिक्षा के शिकार हैं। आंखों के आगे रियलिटी है। मसलन वायरस काल के बाद चिकित्सा अब लूटने का धंधा है। कथित आनलाइन–वर्चुअल शिक्षा नई पीढियों के भविष्य खा रही है। आर्थिकी दीमक से दिनों–दिन खोखला होते हुए है तो जन जीवन झूठ, अंधविश्वासों–मूर्खताओं व नियति–भाग्य–अवतारो–धर्मादे, रेवडियों–खैरातों के दलदल में धंसता हुआ। बावजूद इसके ख्याल–इलहाम क्या? हम विश्वगुरू हैं!

समय न केवल भारत से मजाक करता हुआ है, बल्कि उन तमाम देशों के साथ भारत को घसीटता हुआ है जो आत्महत्या के रास्ते पर चलते हुए है। 23 सालों का वक्त यदि पृथ्वी और जलवायु को कगार पर ले आया है तो उन देशों, नस्लों और लोगों को आत्महत्या की और दौड़ाते हुए है, जिनमें अतीत का वह घमंड लौटा है कि हमसे है समय। हम जो चाहेंगे वह होगा और हम देख लेंगे सबको!

सचमुच मानव समाज न केवल पृथ्वी का, मौसम और आबोहवा का भस्मासुर प्रमाणित है, बल्कि वह भूमंडलीकृत गांव के आठ अरब लोगों को महामारी, युद्ध, महंगाई, तकलीफों के ऐसे–ऐसे अनुभव कराते हुए है जिसमें सब कुछ मानों समय की स्वचालित लीला!

मैंने कल्पना नहीं की थी कि भारत में मणिपुर अचानक गृहयुद्ध में बंटा हुआ होगा। जंगल राज से भी भयावह अमानुषी व्यवहार का जंगल होगा। कोई माने या न माने, समय साफ बता रहा है कि 140 करोड़ लोगों के भारत का क्या भविष्य है। सोचें, इक्कीसवीं सदी के 23 वर्षों में हम भारतीय कितने अंधे, बहरे और छोटे हुए हैं जो यह सुध भी नहीं कि मणिपुर का क्या अर्थ है? झूठ और सत्य का क्या फर्क है?

पर भारत का समय दुनिया का भी समय। इस सप्ताह कई तस्वीरें दिखलाई दीं। उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में तानाशाह राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कोरियाई युद्धविराम की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर सैन्य परेड से ताकत का प्रदर्शन किया। और उनके साथ तालियां बजाते हुए थे रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु तथा चीन के आला नेता ली होंगजॉन्ग। इस परेड में पानी के नीचे हमला करने वाले ड्रोन और ठोस ईंधन से लैस ह्वासोंग–18 अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल इसलिए प्रदर्शित हुए ताकि बगल का दक्षिण कोरिया, जापान कंपकंपाएं और अमेरिका अपने को निशाने में पाए।

क्या अर्थ है? क्या यह नहीं कि इतिहास इस इक्कीसवीं सदी में नई ताकत के साथ पुनर्जीवित है। इक्कीसवीं सदी होगी महायुद्ध की! न किम जोंग का कुनबा थकेगा और न पुतिन व शी जिनफिंग और न इनके वारिस थकेंगे। इन्हें लडना है। दुनिया को अपने माफिक बनाना है। ऐसा ही संकल्प ईरान के अयातुल्लाह का है। अफगानिस्तान के तालिबान का है। माली–नाइजर–चाड–सूडान–सोमालिया याकि अफ्रीका के सहेल, साहेल, सहारा रेगिस्तान में छितरे–फैले अल–कायदा, दाएस (आईएस–।आईएस), बोको हराम के जुनूनियों का है।

जाहिर है धरती अपने आपको, पृथ्वी के लोगों को रूलाते हुए है तो मनुष्य जात अहंकारों में अपनी वह विनाशलीला बुनते हुए है, जिससे न केवल लोग मरने हैं, बल्कि डूबती धरती को और विनाशक हथियारों व हिंसा से धक्का लगेगा। मतलब लगता है मानों धरती और मनुष्य दोनों इक्कीसवीं सदी को आत्महत्या की सदी बनाने की और बढ़ते हुए हैं।

क्या मैं गलत हूं? क्या चौतरफा अहंकार, झूठ और भूख के वायरसों का संक्रमण नहीं है?

सर्वत्र वायरस फैले हुए हैं। इस्लाम के अहंकार से शुरू सदी अब चाइनीज, स्लैविक, यहूदी, हिंदू आदि तमाम सभ्यताओं में किस्म–किस्म के तानाशाह पैदा किए है। चीन के शी जिनफिंग ने पूरी पृथ्वी की धुरी होने का 150 करोड़ चीनियों को सपना बेचा हुआ है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन का सपना है कि वे स्टालिन वाला गौरव पाएं। जारशाही जैसा रूसी साम्राज्य बने तो उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति का सपना है कि दुनिया के कथित चौकीदार पर मिसाइल दाग कर उसे उसकी औकात दिखलाई जाए! वही हम हिंदू अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अवतार से अपने आपको विश्वगुरू बना समझ रहे हैं। हर नेता दहाड़ रहा है। हर नेता जिद्दी है। हर नेता आत्ममुग्ध है। हर नेता गर्मी खाता हुआ है, गर्मी निकालता हुआ है।

सवाल है गर्मी सन् 2000 के बाद कैसे लगातार बनती और बढ़ती हुई है? क्यों 9/11, अफगानिस्तान और इराक रणक्षेत्र बने या पुतिन के दिमाग में यूक्रेन को खाने की भूख बनी?

किसी भी तरह सोचें, किसी भी आग्रह–पूर्वाग्रह या विचार के खांचे में विचार करें तो एक ही कारण जिम्मेवार लगता है। और वह यह कि मनुष्य उस दिमाग का मारा है जो धरती के तमाम जीव–जंतुओं और पशुओं की सभी तरह की प्रवृत्तियों का समुच्चय है। मानव दिमाग क्योंकि भिन्न–भिन्न पशुओं के स्वभाव के बीजों में रचा–पका है तभी वह न तो पशु अतीत से बाहर निकल पाता है और न समय उसे सौ टका मनुष्य बना पाया है।

खेला दिमागी जड़ता का है। ढांचे में बंधे होने का है। मनुष्य ने नस्ल, धर्म, सीमा, सभ्यता–संस्कृति के जितने खांचे बनाए हैं वह मानव का विकास नहीं था अपितु पशुगत स्वभावों की पहचान व गोलबंदियां है। इसमें हजारों सालों से जो जितना बंधा रहा, ढला रहा वह उतना ही अतीत का पालतू हुआ है। उस नाते यह भी सत्य है कि मानव सभ्यता के विकास, जागरण, पुनर्जागरण तथा ज्ञान–विज्ञान की असंख्य गंगोत्रियों का उद्भव उन इंसानों की खोपड़ी से हुआ है, जिनके डीएनए नित नई उडान में उड़े और खिले।

विषयांतर हो रहा है। इन दिनों अमेरिकी परमाणु वैज्ञानिक 'ओपेनहाइमर' फिल्म का हल्ला है। जरूर देखना चाहिए। यह भी बूझने के लिए कि रिसर्च–ज्ञान–विज्ञान–तकनीक–दिमाग–पुरुषार्थ–उद्यमशीलता–शिक्षा का क्यों अमेरिका है घरौंदा? हिटलर के साथ महायुद्ध के अधबीच अमेरिकी सेना ने ओपेनहाइमर को विश्वविद्यालय से खोज कर उन्हें पूरी स्वतंत्रता देते हुए एटम बम बनाने का जो प्रोजेक्ट दिया और फिर ओपेनहाइमर ने तमाम स्वतंत्र मिजाजी वैज्ञानिकों को जैसे इक्ा करके रिसर्च को सिरे चढ़ाया तो उसे कई सत्य अपने आप साबित है। असल बात यह सच्चाई है कि मनुष्य दिमाग तब खोजी होता है जब उसे उडने की भरपूर आजादी हो। यों इस फिल्म में अमेरिकी सिस्टम के चेक–बैलेंस और राजनीति में ओपेनहाइमर की प्रताडना, पूछताछ व अग्निपरीक्षा भी है। मगर असल पहलू स्वतंत्र मिजाजी व्यक्ति के आजाद ख्यालों में जिंदगी जीने की जिद्द का है। और ओपेनहाइमर के साथ अल्बर्ट आइंस्टीन के संवाद से भी साफ झलकता है कि बाड़े का बंधुआ दिमाग और स्वतंत्र गरूड़ उड़ान का फर्क ही मनुष्य–मनुष्य का फर्क है।

मेरा मानना है यहूदियों की बुद्धि का जवाब नहीं है। इस पर मैं पहले भी लिख चुका हूं। ध्यान रहे ओपेनहाइमर व आइंस्टीन दोनों यहूदी थे। और यहूदियों से ही पश्चिम के बाकी धर्म निकले हैं। लेकिन नए धर्मों से ही यहूदियों की प्रताडना हुई। वे अपनी जमीन से बेदखल हुए। नफरत झेली। नरसंहार भुगता। बावजूद इसके दुनिया भर में भटकने के अनुभवों ने यहूदी दिमाग को वे पंख दिए कि दिमाग अनंत ऊंचाइयों को छूता हुआ। कोई आश्चर्य नहीं जो ज्ञान–विज्ञान के आधुनिक काल, पश्चिमी सभ्यता के पुनर्जागरण, आविष्कारों–शोध, पूंजी–मुनाफे से लेकर विचार, आइडिया, विकास का मानव सफर यहूदी वैज्ञानिकों, क्रांतिकारियों, विचारकों के फुट प्रिंट लिए हुए है।

मैं यहूदियों के साथ हिंदुओं को तौलता आया हूं। मेरा मानना है कि दोनों में वह बुनियादी फर्क है, जिससे हिंदू गुलामी में ढल कर कलियुगी हुए। हम जड़ बुद्धि, भक्त, रट्टामार, जुगाडू और अतीत के मिथक विश्व के मुगालती बने। बुद्धि और सत्य से नाता तोड़ा! डीएनए में गुलामी, भयाकुलता तथा भाग्य इनबिल्ट हुआ। सब एक ढर्रे में। नया कुछ नहीं। ऐसा यहूदियों के साथ नहीं हुआ।

जरा 1947 में हिंदुओं को मिली आजादी बनाम 1948 में यहूदियों को मिले इजराइल के फर्क पर गौर करें। पता है आपको इजराइल बिना संविधान के है। जब इजराइल बना तो पहली प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर आदि यहूदी नेताओं ने संविधान का आइडिया खारिज किया। गोल्डा मेयर का मानना था हम यहूदियों के जीने का जो स्वभाव है, जो परंपरा है वह जब है तब संविधान की क्या जरूरत! संविधान कोई रामबाण नहीं, जिससे लोकतंत्र और मानवाधिकारों की गारंटी सौ टका हो। इस यहूदी सोच, स्वभाव पर इजराइली दार्शनिक मिकाह गुडमैन ने खुलासा करते हुए बताया है कि संविधान और कानून तो नागरिक और सरकार दोनों को बांध देते हैं, जबकि कानून समय बनाता है। कानून शाश्वत नहीं हुआ करता। तब भला क्यों संविधान बना कर देश उन लोगों के हाथ बांधे जो ससंद में पांच साल के लिए चुने जाते हैं। क्या मौजूदा सासंदों में आने वाली पीढियों से अधिक ज्ञान है जो उनके लिए सब कुछ पहले तय कर दो। क्यों हम डरें कि जो लोग बाद में आएंगे वे समझदार नहीं होंगे और देश की चिंता करने वाले नहीं होंगे!

कल्पना करें हम हिंदू क्या ऐसे सोच सकते हैं? बावजूद इसके इक्कीसवीं सदी का कमाल है, विडंबना है जो समय ने इजराइल में आज नेतन्याहू नाम का वह प्रधानमंत्री है, जिसके खिलाफ यहूदी जनता तेलअवीव की सडकों पर प्रदर्शन के लिए मजबूर है। अतीत के जीने वाले कट्टर यहूदी इजराइली नेता सुप्रीम कोर्ट को संसद के अधीन बना रहे हैं। इसका दुनिया भर के यहूदियों में विरोध है। लेकिन प्रधानमंत्री नेतन्याहू भी सत्ता भूख के वायरस से संक्रमित हैं तो इजराइल जैसा देश भी संकट में है। हालांकि मेरा मानना है कि नेतन्याहू का कानून अगली संसद, अगली पीढ़ी के नेता कूड़ेदानी में फेंक देंगे। और ऐसा हो सकना ही बिना संविधान के समाज व्यवहार की खूबी है।

लब्बोलुआब, मौजूदा समय की छाप में वह सब है, जिसकी मार में आठ अरब मनुष्यों की जिंदगी सूखी और बंजर होते हुए है। फिर भले ऐसा दिखलाई नहीं दे।

# बच्चे को लग गई है पिज्जा-बर्गर खाने की आदत, ट्राई करें 6 टिप्स, दोबारा हाथ भी नहीं लगाएंगे



बच्चे जब भी बाहर निकलते हैं, जंक फूड खाने की जिद करने लगते हैं. पिज्जा–बर्गर और कैंडी का टेस्ट उन्हें खूब लुभाता है. इसकी वजह से हेल्दी और न्यूट्रिएंट्स रिच चीजों को खाना बच्चे बंद करने लगते हैं. उनकी यही आदत उनकी सेहत के लिए खतरनाक है. ऐसे में पैरेंट्स को बच्चों की जिद के आगे झुकने की बजाय उनकी हेल्थ पर फोकस करना चाहिए. उन्हें इन चीजों से बचाना चाहिए. यहां कुछ ऐसे टिप्स, जो बच्चों की इस आदत को छुड़ाने में आपकी हेल्प कर सकते हैं...

**खाने की आदत बदलें**

बच्चों का जंक फूड छुडाना है तो सबसे पहले उनके खानपान की आदतों के बदलें. ये थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन धीरे–धीरे ही सही बच्चों में हेल्दी फूड खाने की हैबिट डालें. ताकि उन्हें सही मात्रा में पोषक तत्व मिल सके.

**पसंद का बनाएं हेल्दी फूड**

अगर आपका बच्चा कुछ खाने में आनाकानी करता है तो उनकी पसंद की हेल्दी चीजें बनाएं. उन मसालों का इस्तेमाल करें, जो उन्हें पसंद हैं. सलाद के साथ दही, सॉस, हम्मस जैसी टेस्टी लुभावनी चीजें सर्व करें.

**हैबिट बदलने की शुरुआत जल्दी करें**

बच्चों के खाने–पीने की आदतों में जितनी जल्दी बदलाव करना शुरू करेंगे, उसका फायदा उतना ही मिलेगा, वरना एक समय के बाद बच्चे अपनी इस आदत को बदल नहीं पाएंगे. ऐसे में जब भी बच्चों की डाइट बदलें तो उन्हें इसके फायदे भी समझाएं और इसकी शुरुआत सही समय पर कर दें.

**प्रोटीन से भरपूर हो बच्चों की डाइट**

बच्चों को जो भी खिला रहे हैं, ध्यान दें कि उनमें प्रोटीन की मात्रा भरपूर हो. इससे बच्चों को भूख देर से लगेगी और ज्यादा कैलोरी से वे बच जाते हैं. इतना ही नहीं जंक फूड खाने की इच्छा भी कम होती है. ब्रेकफास्ट में बच्चे को दूध, अनाज, सोया, अंडा ,मछली या चिकन जैसी चीजें दें.

**खाने का समय तय कर दें**

बच्चे के खाने का समय तय कर लें. उस समय पर उन्हें खाना मिल जाए. हालांकि, पूरे हफ्ते इस तरह का मेन्यू फॉलो कर पाना कठिन हो सकता है. इसलिए दो–दो दिन का मिल शेड्यूल बना लें और इसी हिसाब से उन्हें खाने को दें. उनकी डाइट में लीन प्रोटीन पनीर और जींस का इस्तेमाल जरूर करें.

**घर से बाहर जाएं तो पहले ही खाना बना लें**

जब भी किसी काम से आप बाहर जाएं तो बच्चों के खाने की चीज तैयार कर लें. अक्सर बच्चे हर 3–4 घंटे में 3 मील और दो स्नैक्स लेते हैं. अगर उन्हें समय से खाने को मिल जाएगा तो उनके जंक फूड खाने के चांसेस कम हो सकते हैं.

# संसद ठप्प है, बिल पास हो रहे हैं!

**अजीत द्विवेदी**

संसद के पिछले कई सत्रों से एक खास ट्रेंड देखने को मिल रहा है। सत्र से ठीक पहले कोई न कोई ऐसी घटना सामने आ जाती है, जिस पर समूचा विपक्ष आंदोलित हो जाता है और पूरा सत्र उसमें जाया हो जाता है। इस बार मानसून सत्र से एक दिन पहले मणिपुर की दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा का एक वीडियो वायरल हुआ। इसे लेकर संसद सत्र के पहले दिन से हंगामा शुरू हो गया, जो अभी तक जारी है। ऐसे ही बजट सत्र से पहले अडानी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आई थी और उस मसले पर पूरे सत्र में हंगामा हुआ था। उससे पहले पिछले साल के शीतकालीन सत्र के दौरान अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प होने का वीडियो सामने आया था और छोटा सा शीतकालीन सत्र इसे लेकर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया था। उससे पीछे जाएंगे तो ऐसी घटनाओं की एक लंबी सूची बन जाएगी, जो संसद सत्र से ठीक पहले हुईं या ठीक पहले उनके बारे में खबर आई।

इसे लेकर दो तरह की साजिश थ्योरी की चर्चा है। मणिपुर का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने आधिकारिक रूप से इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाया और कहा कि जब घटना तीन मई की है तो संसद का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले 19 जुलाई को इसका वीडियो क्यों वायरल कराया गया? भाजपा का कहना है कि विपक्ष के नेताओं को इस वीडियो के बारे में पहले से पता था और जान बूझकर संसद सत्र से एक दिन पहले वायरल किया गया। दूसरी ओर एक अन्य साजिश थ्योरी है, जिसके मुताबिक हर बार सरकार ही संसद सत्र से ठीक पहले कुछ ऐसा करा रही है, जिससे सत्र के दौरान हंगामा हो और कामकाज बाधित हो। बहरहाल, यह भी हो सकता है कि इसके पीछे कोई साजिश न हो यह सिर्फ एक संयोग हो। अगर यह संयोग है तो बहुत दिलचस्प संयोग है क्योंकि हर बार ऐसे हंगामे के बीच सरकार बिना किसी बहस से बेहद जरूरी और करोड़ों लोगों के जीवन पर असर डालने वाले विधेयक पास करा रही है।

सोचें, सरकार ने पहले ही विधेयकों को संसदीय समितियों को भेजना बंद कर दिया है। विधेयक सीधे संसद में पेश किए जा रहे हैं और वहां अगर विपक्ष का हंगामा चल रहा होता है तो बिना बहस के उसे पास करा लिया जाता है। क्या विपक्षी पार्टियों को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि बिना चर्चा के बिल पास होना देश के लिए अच्छा नहीं है? वे जिस एक मसले पर हंगामा कर रहे हैं उस मसले का बहुत महत्व है लेकिन क्या सरकार जो बिल पास करा रही है उसका



महत्व नहीं है? विपक्ष एक मुद्दे को लेकर उलझा रहता है और ऐसे कई मुद्दे उसकी नाक के नीचे से निकल जाते हैं। तभी यह सवाल भी उठता है कि क्या विपक्षी पार्टियां अपनी संसदीय जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन कर रही हैं? अच्छी बात है कि वे मणिपुर के मसले पर सरकार को घेर रही हैं या प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रही हैं लेकिन क्या सचमुच विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि प्रधानमंत्री बयान दे देंगे तो मणिपुर की समस्या का समाधान हो जाएगा? विपक्ष को पता है कि ऐसा नहीं होगा लेकिन सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने के लिए और चुनावी साल में सरकार को बदनाम करने के लिए सारे जरूरी मुद्दे छोड़ कर विपक्षी पार्टियां मणिपुर के मसले के पीछे पड़ी हैं।

विपक्षी पार्टियां मणिपुर के मसले पर हंगामा करती रहीं और इस दौरान मानसून सत्र के पहले सात दिन में सरकार ने लोकसभा से पांच और राज्यसभा से तीन विधेयक पास करा लिए। ये विधेयक करोड़ों लोगों के जीवन पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से असर डालने वाले हैं। इनमें से एक विधेयक पर जरूर ढाई घंटे की चर्चा हुई वरना नौ मिनट से लेकर 42 मिनट तक में विधेयक पास कर दिए गए। सरकार ने मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव अमेंडमेंट बिल पास करा लिया और विपक्ष ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। सरकार ने वन संरक्षण (संशोधन) बिल पास करा लिया लेकिन विपक्षी पार्टियां संसद के बाहर प्रदर्शन करती रहीं। वन संरक्षण व आदिवासी अधिकारों के जानकारों का आरोप है कि यह बिल आदिवासी अधिकारों को कम करेगा क्योंकि इसमें सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए बिना स्थानीय ग्राम सभा की मंजूरी के ही भूमि अधिग्रहण का प्रावधान है। इसी तरह सरकार ने रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल 2022 को लोकसभा से सिर्फ नौ मिनट में पास करा लिया पर विपक्ष ने इसकी कोई परवाह नहीं की।

जन विश्वास अमेंडमेंट ऑफ प्रोविजन बिल, 2022 को सिर्फ 42 मिनट में लोकसभा से पास कराया गया। इस कानून में यह प्रावधान है कि घटिया या नकली दवा से मौत होने पर दवा कंपनियां जुर्माना चुका कर राहत हासिल कर सकेंगी। कांस्टीट्यूनशन शिड्यूल ट्राइब्स ऑर्डर फिफ्थ अमेंडमेंट बिल 2022 को राज्यसभा ने पास कर दिया। बायोलॉजिकल डायवर्सिटी अमेंडमेंट बिल 2021 को लोकसभा ने पास कर दिया। कांस्टीट्यूशन शिड्यूल्ड ट्राइब्स ऑर्डर थर्ड अमेंडमेंट बिल 2022 को राज्यसभा ने पास कर दिया और सिनेमैटोग्राफी अमेंडमेंट बिल 2023 को भी राज्यसभा ने पास कर दिया। इस दौरान विपक्षी पार्टियां मणिपुर पर विरोध प्रदर्शन करती रहीं या फिर दिल्ली के अध्यादेश वाले विधेयक को लेकर रणनीति बनाती रहीं। सिनेमैटोग्राफी बिल पर ढाई घंटे की चर्चा हुई लेकिन सिर्फ सत्तापक्ष के या सरकार को मुद्दा आधारित समर्थन देने वाली पार्टियों के सांसदों ने इसमें हिस्सा लिया।

सरकार माइंस एंड मिनरल्स बिल लाने वाली है, जिसमें यह प्रावधान है कि वह जरूरी और कीमती माइंस एंड मिनरल्स की खदानें निजी क्षेत्र को दे सकती हैं। सरकार आईआईएम की स्वायत्तता घटाने का बिल ला रही है, जिसमें राष्ट्रपति को सभी आईआईएम का विजिटर बनाने का प्रस्ताव है और इसमें यह भी प्रावधान है कि सारे आईआईएम में नियुक्ति बोर्ड की बजाय राष्ट्रपति की मंजूरी से होगी। सरकार डाटा प्रोटेक्शन बिल लाने वाली है, जिससे सूचना के अधिकार पर प्रहार होना है। लेकिन ऐसा लग नहीं रहा है कि विपक्षी पार्टियों को इन विधेयकों की कोई परवाह है। वे अपने एकसूत्री एजेंडे के पीछे लगे हुए हैं। एक तरफ सरकार मनमाने तरीके से बिना बहस के विधेयक पास करा रही है तो दूसरी ओर विपक्षी पार्टियां सब छोड़ कर मणिपुर पर प्रदर्शन कर रही हैं या अरविंद केजरीवाल के एजेंडे को पूरा करने में लगी हैं।इसमें कोई संदेह नहीं है कि संसद का सुचारू संचालन सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन सरकार के साथ साथ विपक्ष की भी कुछ जिम्मेदारी होती है। पता नहीं विपक्षी पार्टियां इस तथ्य को क्यों ध्यान में नहीं रखती हैं कि चुनावों में देश की जनता सिर्फ सरकार नहीं चुनती है वह विपक्ष भी चुनती है। अगर उसकी चुनी सरकार की कुछ जिम्मेदारी है तो उसके द्वारा चुने गए विपक्ष की भी कुछ जिम्मेदारी है। कोई एक मुद्दा चाहे वह कितना ही महत्वपूर्ण क्यों नहीं हो उस पर संसद को पूरे सत्र में ठप्प किए रखना कहीं से भी अच्छी संसदीय राजनीति नहीं कही जाएगी। विपक्षी पार्टियों को सत्र से ठीक पहले 'संयोग' से उपलब्ध कराए गए मुद्दों के पीछे पडने की बजाय समग्रता में अपनी रणनीति बनानी चाहिए।

# पृथ्वी का अब तक का सबसे गर्म महीना रहा जुलाई

## जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया की 81% आबादी ने झेली भीषण गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई 2023 ने पृथ्वी के अब तक के सबसे गर्म महीने का खिताब हासिल किया है। मानव–जनित जलवायु परिवर्तन ने दुनिया भर में तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

क्लाइमेट शिफ्ट इंडेक्स (सीएसआई) का उपयोग करते हुए क्लाइमेट सेंट्रल के एक विश्लेषण से इस संदर्भ में चौंकाने वाले आंकड़ों का पता चलता है। इसके मुताबिक दुनिया के 6.5 बिलियन से अधिक लोगों (वैश्विक आबादी का 81 प्रतिशत) ने जुलाई में कम से कम एक दिन ऐसे तापमान का अनुभव किया, जिसके उस स्तर तक होने कि संभावना जलवायु कारण तीन गुना थी।

लगभग 2 अरब लोगों ने जुलाई के 31 दिनों में से प्रत्येक दिन जलवायु परिवर्तन का तीव्र प्रभाव महसूस किया, जो समस्या की भयावहता को उजागर करता है। 10 जुलाई, 2023 को अत्यधिक गर्मी का वैश्विक जोखिम अपने चरम पर पहुंच गया, जिससे दुनिया भर में 3.5 बिलियन लोग प्रभावित हुए।

क्लाइमेट सेंट्रल के विश्लेषण में 200 देशों में फैले ऐसे 4,700 शहरों को शामिल किया गया, जहां जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप जुलाई में अत्यधिक गर्मी का अनुभव हुआ। मेक्सिको, दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, फ्लोरिडा, कैरेबियन, मध्य अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण और दक्षिण पूर्व



एशिया के कुछ देश तापमान वृद्धि से सबसे अधिक प्रभावित हुए।भूमध्य रेखा के पास और छोटे द्वीपों पर रहने वालों ने विशेष रूप से जुलाई के तापमान पर मानव–जनित जलवायु परिवर्तन का असाधारण रूप से मजबूत प्रभाव महसूस किया। कैरेबियन में 11 सहित छोटे द्वीप विकासशील राज्यों पर विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट है, जलवायु परिवर्तन के कारण स्थितियां कम से कम पांच गुना अधिक होने की संभावना है।

यह रिपोर्ट एशिया की स्थिति पर भी प्रकाश डालती है, जहां जुलाई 2023 में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरों ने अपना प्रभाव छोड़ा। चीन ने पश्चिमी झिंजियांग क्षेत्र में 52.2 डिग्री सेल्सियस (126 डिग्री फॉरेनहाइट) का एक नया राष्ट्रीय तापमान रिकार्ड दर्ज किया, जिसने 1.6 डिग्री सेल्सियस वाले अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

ईरान के फारस की खाड़ी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसी तारीख को 66.7 डिग्री सेल्सियस (152 डिग्री फॉरेनहाइट) का तापमान सूचकांक दर्ज किया गया। कुवैत को भी अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ा और 18 जुलाई को रिकार्ड–उच्च बिजली उपयोग की सूचना मिली।

विश्लेषण किए गए 46 एशियाई देशों में, औसत जुलाई सीएसआई स्तर 2.4 था, जो क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। दो मध्य एशियाई देशों, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान में जुलाई में सबसे अधिक तापमान विसंगतियां दर्ज की गईं, जिससे चिंता बढ़ गई है।

कुल 17 एशियाई देशों में जुलाई का औसत सीएसआई 3 या उससे अधिक था, जबकि उच्चतम जुलाई औसत सीएसआई वाले शीर्ष 10 एशियाई देशों में से पांच मध्य पूर्व में हैं।

मौसम विज्ञानियों ने चेतावनी दी है कि यदि उत्सर्जन का मौजूदा प्रक्षेप पथ जारी रहता है तो भविष्य में और अधिक रिकॉर्ड टूटेंगे। यह सरकारों, उद्योगों और व्यक्तियों को तेजी से बदलती जलवायु को कम करने और उसके अनुकूल ढालने के लिए नीतियों और प्रथाओं को लागू करने के लिए एक साथ आने का आह्वान है। ऐसा करने में विफलता मानव जीवन, जैव विविधता और समग्र रूप से ग्रह पर प्रभाव को बढ़ा देगी।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते ने तोड़ा दम, अब तक 9 की मौत

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिला स्थित कूनो नेशनल पार्क में चीतों को रखने के तमाम प्रयासों को लगातार झटका लग रहा है। एक और मादा चीता की मौत हो गई। अब तक यहां कुल नौ चीतों की मौत हो चुकी है।

वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मादा चीता धात्री (टिबलिसी) की मौत हुई है। मौत आखिर कैसे हुई है इसका पता लगाया जा रहा है। वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

वन विभाग की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में रखे गए समस्त 14 चीतों में सभी स्वस्थ हैं और उनका लगातार स्वास्थ्य परीक्षण वन्य प्राणी चिकित्सक और नामीबिया के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। बाहर विचरण कर रही दो मादा चीतों की नामीबिया विशेषज्ञ और कूनो वन्य प्राणी प्रबंधन एवं टीम लगातार निगरानी कर रही है। उनके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बोमा में लाए जाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन दोनों में से एक मादा चीता धात्री आज सुबह मृत पाई गई, मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम हो रही है। वहीं बताया गया है कि एक मादा चीता अब भी वन प्रबंधन की पहुंच से बाहर है।

## पंजाब का पूरे देश में नाम रोशन कर रहें हैं चुघ : तनेजा

**अमृतसर ,(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यस्मिति के सदस्य व चुग के युवा मोर्चा के साथी रहे मानव तनेजा ने बयान जारी कर बताया की पार्टी के मेहनती कार्यकर्ता तरूण चुग को लगातर दूसरी बार राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त करने पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मानव तनेजा ने बताया कि उन्होंने तरूण चुग के साथ वर्ष 1990–91 में एबीवीपी में एक साथ काम किया तथा उसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के रूप में पोस्टर लगाने से लेकर और जब पंजाब आतंकवाद से त्रस्त था, तो पार्टी के प्रत्याशी के लिए रिक्शा में माईक हाथ में लेकर पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया करते थे। मानव तनेजा ने तरूण चुघ को दोबारा राष्ट्रीय महासचिव चूने जाने पर कहा कि ऐसे मेहनती कर्मठ और जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता को मान–सम्मान दिया है तथा इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का धन्यवाद किया।

## हाईकोर्ट ने चीनी लिंक वाली कंपनी का टेंडर किया रद्द, कहा राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा को जनहित से ऊपर बताते हुए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा एक चीनी कंपनी से संबंध रखने वाली एक निजी कंपनी को दिए गए टेंडर को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया। पीठ ने कहा, सक्षम प्राधिकारी के साथ पंजीकरण की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना केवल जनहित का दावा राष्ट्रीय हित के खिलाफ नहीं किया जा सकता है।अदालत ने बीएचईएल के इस तर्क को खारिज कर दिया कि इस स्तर पर हस्तक्षेप से परियोजना को लागू करने में देरी होगी। पीठ ने इस तर्क पर भी ध्यान नहीं दिया कि टेंडर रद्द करने से सरकार के खजाने पर वित्तीय दबाव पड़ेगा क्योंकि 50 फीसदी काम पहले ही पूरा हो चुका है।बीएचईएल ने कोलकाता स्थित बीटीएल ईपीसी लिमिटेड को टेंडर दिया था, जिसने तेलंगाना में थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना के एक हिस्से के रूप में 378 करोड़ रुपये का ऐश हैंडलिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 2022 में एक चीनी कंपनी फुजियान लॉन्गकिंग कंपनी लिमिटेड के साथ एक कंसोर्टियम समझौता किया था।

## फिल्म के बाद सीमा–सचिन को 50–50 हजार की नौकरी का ऑफर, गुजरात से आया खास लेटर

**ग्रेटर नोएडा ,(एजेंसी)।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और सचिन मीणा की बदहाली की खबर वायरल होने के बाद उन्हें कई ऑफर मिलने शुरू हो गए हैं। पिछले दिनों एक प्रोड्यूसर ने दोनों को फिल्म में काम करने का ऑफर दिया था। दूसरी तरफ गुजरात से सीमा–सचिन के घर एक ऑफर लेटर आया है। जिसके मुताबिक दोनों को 6–6 लाख के सालाना पैकेज पर रखने की पेशकश गुजरात के एक व्यापारी ने की है। लेटर में लिखा है कि दोनों कभी भी आकर नौकरी ज्वाइन कर सकते हैं।पुलिस सूत्रों के मुताबिक रबूपुरा पोस्ट ऑफिस से सीमा–सचिन के घर पर बंद लिफाफा पहुंचा। जिस पर गुजरात का एड्रेस लिखा हुआ था। पुलिस की निगरानी में डाक विभाग के व्यक्ति से लिफाफा लिया गया।

# पहली बार पूरे प्रदेश में धान खरीदेगी सरकार

**शिमला, एजेंसी।** प्रधान सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले आर.डी. नज़ीम ने आज यहां बताया कि इस बार पूरे राज्य में धान की खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से ही की जाएगी। इससे किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ सुनिश्चित होगा।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान की खरीद 03 अक्तूबर से 26 दिसम्बर, 2023 तक की जाएगी। धान की खरीद प्रदेश में 09 मण्डियों, अनाज मण्डी फतेहपुर, रियाली व मिलवां, ज़िला कांगड़ा, धौला कुआं, पावंटा साहिब, ज़िला सिरमौर, मार्केट यार्ड नालागढ़, मलपुर, बद्दी, जिला सोलन तथा मार्केट यार्ड टकराला, रामपुर, ज़िला ऊना के माध्यम से की जाएगी।

**2203 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य**

उन्होंने कहा कि किसानों को पोर्टल पर अपनी फसल का ब्यौरा भरने के उपरांत फसल बिक्री के लिए पंजीकरण करना होगा। इसके लिए पोर्टल 20 सितम्बर, 2023 से खोल दिया जाएगा। किसानों को सही उपज की विक्रय राशि 48 घण्टे के भीतर ऑनलाईन माध्यम से बैंक खाते में प्राप्त हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष धान की खरीद भारतीय खाद्य निगम और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। इस वर्ष मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार किसानों को धान के समर्थन मूल्य का लाभ देने के लिए धान की खरीद पूरे राज्य में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से ही की जाएगी।

## सरकार के खेलो इंडिया अभियान ने खिलाड़ियों को उत्साहित किया : तरुण चुघ

**अमृतसर ,(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ अन्नगढ़ स्थित पीर बाबा शादी शाह के मेले में पहुंचे। तरुण चुग ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह पवित्र स्थान हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मेले में कबड्डी प्रतियोगिता में उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ साथ खेल के प्रति युवाओं की रुचि को लेकर हौसला भी बढ़ाया। चुग ने कहा कि खेल के प्रति युवाओं की रुचि को बढ़ावा देने से ही युवाओं को नशा और कई अन्य बुराइयों से बचाया जा सकता है। तरुण चुघ ने जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अन्य खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा की केंद्र की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार खेलों को लेकर विशेष प्रोत्साहन दे रही है और इसकी बदौलत ही भारत का खेलों में प्रदर्शन लगातर बढ़ता जा रहा है।

# भड़काऊ भाषण, हिंसा रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में भड़की हिंसा के मद्देनजर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से आयोजित रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश का पालन सुनिश्चित करने का उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को बुधवार को निर्देश दिया, जिसमें समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण तथा बयानों के अलावा सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए स्वतः संज्ञान कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी भट्टी की पीठ ने केरल के मल्टी मीडिया पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह द्वारा किए गए तत्काल उल्लेख पर विशेष सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।



**एससी का राज्य सरकारों को निर्देश**

पीठ ने ऐसी रैलियों में वीडियोग्राफी और सीसीटीवी फुटेज के इस्तेमाल का निर्देश दिया और कहा,"हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून का शासन कायम रहे।" पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि इस प्रस्ताव पर कोई विवाद नहीं हो सकता कि नफरत भरे भाषणों से माहौल खराब होता है। पीठ ने उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारियों को हिंसा और नफरती भाषणों को रोकने के लिए पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।

पीठ ने याचिकाकर्ता अब्दुल्ला द्वारा शीर्ष अदालत के अक्टूबर 2022 और अप्रैल 2023 में जारी आदेशों के उल्लेख पर गौर करते हुए कहा इन आदेशों पर अमल सुनिश्चित करें। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाले भाषण या कोई कार्रवाई होती है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए, 153 बी और 295 ए और 505 आदि के अपराधों के तहत आती हो, तो तुरंत कार्रवाई करें।

गौरतलब है कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने हरियाणा के नूंह एवं अन्य इलाकों में भड़की हिंसा के खिलाफ बुधवार को जगह जगह प्रदर्शन का आयोजन किया है।

## इंडिया और एनडीए की पालिटिक्स के बीच इस मुख्यमंत्री का ऐलान, हम दोनों में से किसी के साथ नहीं

**कोल्हापुर ,(एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा है कि उनकी पार्टी न तो विपक्षी गठबंधन इंडिया और न ही सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के साथ है बल्कि वह अपने मित्रों के साथ खड़ी है। राव ने महाराष्ट्र के दौरे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) न तो इंडिया की ओर है और न ही एनडीए की ओर है। उन्होंने यह भी कहा, बीआरएस अकेले नहीं है बल्कि पार्टी अपने मित्रों के साथ बनी हुयी है। राव ने सवाल किया, यह न्यू इंडिया क्या है? इसने देश पर 50 वर्ष से ज़्यादा हुकूमत की और कोई बदलाव नहीं आया। केसीआर ने कहा कि देश में बदलाव आना चाहिए।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री का यह बयान संसद में सरकार के विरूद्ध कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दलों द्वारा लाये गए अविश्वास प्रस्ताव और दिल्ली की नौकरशाही पर प्रशासनिक नियंत्रण सम्बन्धी विधेयक पर संसद में चर्चा से ठीक पहले आया है।

# जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ बुधवार से मामले में रोजाना सुनवाई करेगी। निरस्तीकरण को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलों का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह गुरुवार तक अपनी दलीलें जारी रखेंगे।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हमने सीजेआई और उनके सहयोगी



जज को यह समझाने की कोशिश की कि 5 अगस्त 2019 को क्या हुआ और हम सुप्रीम कोर्ट से क्या उम्मीद कर रहे हैं। सीजेआई और उनके सहयोगी एसोसिएट जज ने भी कई सवाल उठाए। यह सब संविधान के बारे में है।

देश और जम्मू–कश्मीर के संविधान के बारे में 5 अगस्त 2019 को जो कुछ भी हुआ, वह देश और जम्मू–कश्मीर के संविधान के खिलाफ था। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे देखेगा। हमारा दृष्टिकोण, हम संविधान के बारे में बात कर रहे हैं, इसकी राजनीति के बारे में नहीं। यह जम्मू–कश्मीर के लिए एक बड़ा मुद्दा है।'मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत याचिकाकर्ता की ओर से मुख्य

**उमर अब्दुल्ला बोले– न्याय मिलने की उम्मीद**

वकील को सभी पहलुओं पर बहस करने की अनुमति देगी और बाकी वकील कुछ पहलुओं को जोड़ सकते हैं, ताकि कोई ओवरलैपिंग दलीलें न हों।पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल है। पीठ ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर दैनिक आधार पर होगी, जो विविध सुनवाई के दिन हैं। बता दें, इन दिनों केवल नई याचिकाओं पर ही सुनवाई की जाती है और नियमित मामलों की सुनवाई नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की 5 अगस्त, 2019 की अधिसूचना के बाद केंद्र के हलफनामे का पांच–न्यायाधीशों की पीठ द्वारा तय किए जाने वाले संवैधानिक मुद्दे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उस दिन केंद्र ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया था और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। अनुच्छेद 370 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को 2019 में एक संविधान पीठ को भेजा गया था।

# नूंह हिंसा की होगी पूरी जांच, खेल खेलने वाले होंगे बेनकाब : अनिल विज

**सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह में इतना बड़ा बवाल एक दिन में नहीं हो सकता। इसके लिए लोगों और हथियारों को इकट्ठा कर योजना बनाई और गोलियां चलाई गई हैं। इस मामले की पूरी जांच होगी। नूंह में ऐसा खेल खेलने वालों को बेनकाब किया जाएगा।

विज बुधवार को नूंह हिंसा को लेकर पत्रकारों की ओर से पूछे गए सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वे सभी से यह कहना चाहते हैं कि यह देश हमारा है और विश्व में इसे हमने ऊपर लेकर जाना है। तरक्की उसी प्रदेश में होती है जहां शांति हो। इसलिए लोग ऐसी गलत पोस्ट न डालें और न ही वायरल करें। हम सभी प्रकार से नजर रखे हुए हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से कोई खेल खेलेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



गृहमंत्री ने कहा कि नूंह में हिंसा के बाद अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। 30 कंपनियां हरियाणा और 20 कंपनियां केंद्र से मिली हैं। जिन्हें तैनात किया गया है। नूंह क्षेत्र को आठ थानों में बांटा गया है। हर थाने पर एक–एक आईपीएस अधिकारी लगाया गया है।

इसके अलावा, सोशल मीडिया पर पोस्टों को चैक किया जा रहा है और जैसे–जैसे तथ्य एकत्रित हो रहे हैं, एफआई-ईआर दर्ज की जा रही हैं। अब तक 41 एफ आई आर दर्ज की गई हैं। नूंह में 116 लोग अब तक गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी व गुरुग्राम में भी गिरफ्तारियां हुई हैं। गृहमंत्री ने कहा कि हिंसा को देखते हुए धारा 144 अन्य जिलों में लगाई गई है। वहां डीसी को अधिकृत किया है कि स्थिति यदि बिगड़ती है तो कर्फ्यू लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक और व्यक्ति की मृत्यु की जानकारी भी मिली है।गृहमंत्री ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद से इंटरनेट सेवा अभी बंद है। स्थिति का आकलन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विज ने कहा कि हमने मोनू मानेसर का वीडियो देखा है। वह कहीं पर दंगा करने का नहीं बल्कि लोगों को यात्रा में पहुंचने का आह्वान कर रहा है। उस वीडियो को स्टडी किया जा रहा है। विज ने कहा कि नूंह में जो यात्रा निकाली गई थी, वह यात्रा हर साल निकलती थी। जितनी पुलिस फोर्स पिछली यात्रा में थी, उतनी ही इस बार लगाई गई थी।

रेवाड़ी में आगजनी की घटना पर विज ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी मिली थी कि इस मामले में पुलिस कमिश्नर को कहा गया था। इसके बाद अब स्थिति नियंत्रण में है। वहीं बीएसपी की तरफ से अलग–अलग शहरों में प्रदर्शन के आह्वान पर मंत्री ने कहा कि सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, मगर वह शांतिपूर्वक होना चाहिए।

### नूंह घटना: गुरुग्राम में 116 आरोपी गिरफ्तार, 26 एफआईआर दर्ज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह जिले में गत 31 जुलाई को हिंदू संगठनों विश्व हिंदू परिषद और मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बृज मंडल धार्मिक यात्रा के दौरान हुई हिंसा और आगजनी की घटनाओं की आंच गुरुग्राम तक पहुंचने के सिलसिले में अब तक 26 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं तथा 116 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हिंसा के दौरान गुरुग्राम जिले में 60 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने तथा शांति बहाल करने के दृष्टिगत गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने स्वयं भी लोगों से शांति और कानून–व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

### 15 अगस्त से पहले बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

# बारामूला से लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिला से सुरक्षाबलों ने बुधवार को लश्कर–ए–तैयबा के दो हाइब्रिड आतंकियों को गिरफ्तार कर आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संभावित हमले को विफल कर दिया। सुरक्षाबलों ने पकड़े गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया है। पुलिस ने एक बयान में बताया " बारामूला शहर में आतंकियों की गतिविधियों के बारे में विशेष सूचना मिली थी और यह भी जानकारी मिली थी कि वे जो स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आतंकवादी कार्रवाई को अंजाम दे सकते हैं। इस सूचना के बाद पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 53वीं बटालियन, सेना की 46वीं राष्ट्रीय राइफल ने संयुक्त रूप से पुराने बारामूला अजादगंज में तलाश अभियान चलाया।"

उन्होंने बताया कि इस दौरान आजादगंज बारामूला से आ रहे दो संदिग्धों ने तलाशी होते देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें धरदबोचा। तलाशी के दौरान इन लोगों के पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैग्जिन, पिस्तौल के चार जिंदा कारतूस और एक हथगोला बरामह हुए। इसके तुरंत बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पकड़े गए आतंकियों की पहचान बारामूला के बंगलो बाग निवासी फैसल मजीद गनी तथा पुराने बारामूला के बाग ए–इस्लाम निवासी नूरुल कामरान के तौर पर हुई है।प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों हाइब्रिड आतंकी हैं ।

# ब्रॉड एशेज क्रिकेट के लिए ही पैदा हुआ है : नासिर हुसैन



लंदन ,इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने अपने खेल के शीर्ष पर रहते हुए संन्यास लेने के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड की सराहना की है, क्योंकि अनुभवी तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने करियर का यादगार अंत किया।ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन की समाप्ति पर श्रृंखला के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा करके एक धमाका कर दिया।

सबसे लंबे प्रारूप में तेज गेंदबाज के रूप में 604 विकेट लेने के बाद, ब्रॉड आधुनिक टेस्ट क्रिकेट में सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बन गए।

यहां तक कि अपनी आखिरी सीरीज में भी उन्होंने 22 विकेट लिए, जो इस साल की एशेज में इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज के लिए सबसे ज्यादा है।अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करते समय, ब्रॉड ने व्यक्त किया कि वह खेलना जारी रख सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में बोलते हुए, हुसैन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज के समय पर कॉल करने के फैसले की सराहना की, जबकि वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर थे।

ठीक है, यही बात है, हुसैन ने कहा।

मुझे लगता है कि सेवानिवृत्ति है, आप चाहेंगे कि लोग पूछें, थोड़ा और क्यों नहीं? आप तब रिटायर होते हैं जब लोग कहते हैं, आप रिटायर क्यों हो रहे हैं? बजाय इसके कि क्यों नहीं? जब लोग यह कहना शुरू कर देते हैं कि आपको संन्यास ले लेना चाहिए, तो आप शायद कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उन्होंने इसके लिए बिल्कुल सही समय तय किया है। दो दिन बाकी थे, स्काई (स्पोट्र्स) में हमारे पास आए और कहा, हां, मेरा काम हो गया। और फिर उसके पास दो दिन थे।

लेकिन स्टुअर्ट के साथ एक बात, आप जानते हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की है, ऐसा नहीं है कि मैंने काम पूरा कर लिया है, मैं जाँच कर रहा हूँ। आप जानते हैं कि स्टुअर्ट ब्रॉड जीतना चाहेंगे। वह हमेशा विजेता रहे हैं।

यह बल्ले और गेंद दोनों से ब्रॉड के करियर का एक परीकथा जैसा अंत था।

बल्ले से अपनी आखिरी गेंद पर, उन्होंने मिशेल स्टार्क को छक्का लगाया, जिससे द ओवल में मौजूद अंग्रेजी भीड़ को काफी खुशी हुई।

फिर, आखिरी दिन आखिरी एशेज टेस्ट के निर्णायक क्षणों में ब्रॉड ने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा उन्होंने अपने 17 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में अक्सर किया है।

37 वर्षीय खिलाड़ी ने अंतिम दो विकेट लेकर इंग्लैंड के लिए एक यादगार मैच जीता और उन्हें श्रृंखला 2-2 से ड्रा कराने में मदद की।

हुसैन ने ब्रॉड के करियर के आखिरी कुछ पलों को याद किया. हुसैन ने कहा, और आपके शुरुआती सवाल पर वापस जाएं तो क्या यह जीत है या यह मनोरंजन है? ब्रॉड इस बात पर सटीक बैठता है। उन्हें थिएटर और मनोरंजन पसंद है। लेकिन उससे भी अधिक, उसे जीतना पसंद है। और स्क्रिप्ट अविश्वसनीय थी. आप जानते हैं, बाएं हाथ के खिलाड़ी स्ट्राइक पर हैं। वह पूरी तरह से बाएं हाथ के खिलाड़ी रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में वह जिस आखिरी गेंद का सामना करता है, वह छक्का मारकर मैदान से बाहर चला जाता है। टेस्ट क्रिकेट में वह आखिरी गेंद फेंकता है, वह कैरी को आउट कर देता है। आखिरी एशेज... वह एशेज क्रिकेट के लिए पैदा हुआ है। और उसने अपना आखिरी एशेज टेस्ट जीता है। ओवल में यह अविश्वसनीय दृश्य था।

# उम्मीद करता हूं कि बुमराह भविष्य में चोटों से मुक्त रहें : हरभजन



नई दिल्ली ,भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी से खुश हैं और कामना करते हैं कि तेज गेंदबाज भविष्य में चोट मुक्त रहें । इंजरी के कारण 10 महीने तक टीम इंडिया से बाहर रहे जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में हरभजन ने बुमराह को उनके ठीक होने पर बधाई दी और तेज गेंदबाज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हरभजन ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं।बुमराह काफी समय से एक्शन से दूर हैं। इंजरी के कारण वो ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप से भी चूक गए।साथ ही यूएई में हुए एशिया कप में भी वो नजर नहीं आए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापसी का प्रयास किया। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हुए।

हरभजन ने कहा कि बुमराह तेज गेंदबाजी विभाग में उतना ही महत्व रखते हैं जितना कि विराट कोहली बल्लेबाजी में रखते हैं। उन्हें बहुत याद किया गया है, चाहे आप डब्ल्यूटीसी फाइनल देखें या उससे पहले खेले गए क्रिकेट को देखें। मैं पहले भी कहता था और आज भी कह रहा हूं कि अगर हम बल्लेबाजी के बारे में बात करते हैं, तो हम विराट कोहली के बारे में बात करते हैं, और अगर गेंदबाजी में कोई विराट कोहली हैं, तो वह हैं जसप्रीत बुमराह। उनसे बड़ा कोई नाम नहीं है।इस गेंदबाज ने 60 टी20 में 6.62 की इकॉनमी रेट के साथ 70 विकेट लिए हैं।

# इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है- रिकी पोंटिंग



लंदन ,ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है।

द ओवल में क्रिस वोक्स और मोइन अली के गेम-चेंजिंग स्पैल के दम पर इंग्लैंड ने सीरीज के आखिरी मैच में जीत दर्ज की जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड ने आखिरी दो विकेट लेकर अपने करियर का शानदार अंत किया, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर खत्म की।पोंटिंग ने कहा, यदि आप उनके पास मौजूद खिलाड़ियों को देखें, तो मुझे नहीं लगता कि ब्रैंडन मैकुलम (मुख्य कोच) उन्हें ज्यादा कुछ कह रहे हैं। वह बस इतना बोल रहे हैं, बाहर जाओ और अपने तरीके पर भरोसा करो।

यह एक युवा टीम है, कुछ लोगों ने बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। हैरी ब्रुक, बेन डकेट और जैक क्रॉली सभी अभी भी सुधार कर सकते हैं। इंग्लैंड बेहतर होगा, बस चीजों में थोड़ा बदलाव करते रहें। हालांकि पहली दो सीरीज़ हारने के बाद इंग्लैंड बैकफुट पर था, पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इंग्लैंड अपने अति-आक्रमक दृष्टिकोण से पीछे नहीं हटा और उसने इस सीरीज में कुछ सबक भी सीखे।इंग्लैंड के पास पहले दो टेस्ट मैचों में मौके थे और उन्हें पता था कि उनकी शैली ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले खरी है। जब भी हमने उनसे बात की तो आप स्टोक्स-मैकुलम या सभी खिलाड़ियों की बातों में झलक रहे आत्मविश्वास को सुन सकते थे।उन्होंने कहा, वो इस बात पर अटल थे कि वह क्या करना चाहते थे और कैसे खेलना चाहते थे। मुझे लगता है कि उन्होंने इस दौरान बहुत कुछ सीखा है।

## सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे जोकोविच

ओहियो सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल ड्रॉ के लिए साइन किया है, जो यूएस ओपन से पहले उनका एकमात्र अभ्यास कार्यक्रम है। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।यह पहली बार नहीं होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है।

# केन विलियमसन की मैदान पर वापसी, साझा किया वीडियो




टौरंगा ,न्यूजीलैंड के व्हाइट बॉल कप्तान केन विलियमसन वनडे विश्व कप 2023 में मैदान पर वापसी कर सकते हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर बल्लेबाजी सत्र शुरू करने का एक वीडियो पोस्ट किया है। न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी इंजरी देखकर यह कहा जा रहा था कि वनडे वर्ल्डकप 2023 में उनका खेलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अब एक ऐसी खबर आई है जिससे कीवी फैंस राहत की सांस से सकते हैं। केन विलियमसन ने मैदान पर वापसी की है, उन्होंने खुद इसका वीडियो शेयर किया।

अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नेट्स में बल्लेबाजी की छोटी क्लिप शेयर करते हुए विलियमसन ने लिखा, नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए लौटना अच्छा रहा।अहमदाबाद में 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2023 के शुरुआती मैच में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते समय विलियमसन को पैर में चोट लगी थी। सीजन के अपने पहले ही मैच में विलियमसन बॉउंड्री लाइन पर कैच पकड़ते हुए गिर पड़े थे। इसके बाद वो मैदान से बाहर चले गए। इंजरी के कारण उन्हें आईपीएल 2023 के शेष मैचों से बाहर होना पड़ा। बैसाखी के सहारे चलते हुए अपने देश लौटे विलियमसन को सर्जरी भी करानी पड़ी। उनके वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की संभावना बहुत कम थी। मगर अब ऐसा लगा रहा है कि वो मैदान में वापसी कर सकते हैं। विलियमसन 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में 82.57 की औसत से 578 रन के साथ अपनी टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें दो शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। वनडे विश्व कप के लिए समय पर टीम में उनकी संभावित वापसी ब्लैककैप्स के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका शानदार फॉर्म टीम के हमेशा काम आया है। न्यूजीलैंड 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर इंग्लैंड से भिड़ेगा और विश्व कप अभियान का आगाज करेगा। टूर्नामेंट का फाइनल भी 19 नवंबर को इसी स्थान पर खेला जाना है।

# फिल्मी दुनियां

# थलापति विजय की लियो से सामने आई संजय दत्त की पहली झलक



बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता संजय दत्त के 64वां जन्मदिन मौके पर उनके चाहने वाले के लिए उनकी फिल्म डबल आईस्मार्ट से उनका पहला लुक जारी किया गया था। अब उनकी एक और चर्चित फिल्म लियो से उनका एक वीडियो जारी किया गया है। थलापति विजय की यह फिल्म अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती है।निर्देशक लोकेश कनगराज ने एक टीजर के जरिए फिल्म में संजय दत्त की पहली झलक दिखाई दी है।फिल्म में संजय नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम एंटनी दास है।लोकेश ने एंटनी दास की झलक साझा करते हुए लिखा, हम सभी की तरफ से आपके लिए एक छोटा सा तोहफा संजय दत्त सर। आपके साथ काम करना खुशी की बात थी।इस टीजर का बैकग्राउंड स्कोर दर्शकों को खास पसंद आ रहा है।

लियो 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में विजय के साथ तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म में कश्यप के अलावा 2 निर्देशक, मैसस्किन और गौतम मेनन, महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। कश्यप ने खुद लोकेश की किसी फिल्म का हिस्सा बनने की इच्छा जाहिर की थी। वह लोकेश की फिल्मों के डेथ सीन से काफी प्रभावित थे।लियो मूल रूप से तमिल फिल्म है। इस फिल्म को लेकर विजय के प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है।पिछले दिनों इस फिल्म ने केरल में एक रिकॉर्ड बनाया था। इस मामले में इसने आरआरआर से लेकर बाहुबली 2 और पोन्नियिन सेल्वन 2 जैसी फिल्मों को भी पछाड़ दिया। फिल्म के केरल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 16 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। यह केरल में किसी भी गैर-मलयालम फिल्म के लिए किया गया अब तक का सबसे बड़ा सौदा है।लियो के अलावा संजय पुरी जगन्नाध की फिल्म डबल आइस्मार्ट का हिस्सा हैं।वह शाहरुख खान की फिल्म जवान में कैमियो करते दिखेंगे।

बॉलीवुड प्रशंसकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।द गुड महाराजा में संजय जामनगर के महाराजा जाम साहिब का किरदार निभाते दिखेंगे।

## बिखरी जुलफों में करिश्मा तन्ना ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट

वेब सीरीज स्कूप में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। हालिया फोटोशूट में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद सेक्सी अवतार में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी खूबसूरती को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट में हुस्न की बेबाक अदाएं दिखाते हुए फैंस को अपनी ओर रिझा दिया है।

# जॉन अब्राहम की वेदा का हिस्सा बनीं तमन्ना भाटिया, तस्वीरें साझा कर जाहिर की खुशी



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया निखिल आडवाणी की अगली निर्देशित फिल्म वेदा में एक्टर जॉन अब्राहम और शारवरी वाघ के साथ नजर आएंगी। हाई-ऑक्टेन एक्शन-ड्रामा वेदा की हाल ही में राजस्थान में अपनी शूटिंग शुरू हुई। कहा गया है कि फिल्म में पहले कभी न देखे गए सीन्स को दिखाया जाएगा। तमन्ना फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। तमन्ना ने गुरुवार (13 जुलाई) को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह जॉन और निखिल के साथ नजर आ रही हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक बेहद खास भूमिका के लिए वेदा परिवार के साथ इस रोमांचक नई यात्रा को शुरू करने के लिए रोमांचित और आभारी हूं। इन अद्भुत कलाकारों और क्रू के साथ काम करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती।इस कोलैबोरेशन को लेकर तमन्ना ने कहा, निखिल जिस तरह से अपनी कहानियां सुनाते हैं, मैं उनकी हमेशा से प्रशंसक रही हूं। उनमें एक हुनर है और उनकी ये काबिलियत बेहद प्यारी है। जॉन और मुझे भी पहली बार एक साथ काम करने का मौका मिला है। यह देखना निश्चित रूप से रोमांचक होगा कि मेरा किरदार क्या लाएगा।निखिल ने कहा, तमन्ना ने हमेशा शानदार परफॉर्मेंस दी है। जब मैंने इस स्पेशल रोल को निभाने के लिए उनसे संपर्क किया, तो मुझे खुशी हुई कि उन्होंने तुरंत इस फिल्म के लिए मेरे विजन पर भरोसा किया।

# पवन कल्याण और साई धरम तेज की बीआरओ ने बॉक्स ऑफिस पर की धमाकेदार शुरुआत



पिछले साल भीमला नायक में नजर आए पवन कल्याण इस वर्ष अभिनेता साईं धरम के साथ फिल्म बीआरओ लेकर आए हैं। इस फिल्म को लेकर दक्षिण भारतीय दर्शकों में कितना जबरदस्त उत्साह था, यह फिल्म के पहले दिन नजर आए। सिनेमाघरों के बाहर टिकट के लिए दर्शकों की लम्बी लाइनें नजर आएं। पवन कल्याण और साई धरम तेज की बीआरओ ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत की। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त ओपनिंग की। फिल्म को पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर भारी दर्शक मिले। शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने पहले दिन में जबरदस्त शुरुआत की। उम्मीद है कि सप्ताहांत में फिल्म की कमाई और बढ़ेगी। मिश्रित समीक्षाओं के बावजूद, पवन कल्याण और साई धर्म तेज की बीआरओ बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई है। बीआरओ ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपये की कमाई की। आने वाले सप्ताहांत में फिल्म के और अधिक कमाई करने की उम्मीद है। तेलुगु बेल्ट में बीआरओ की कुल ऑक्यूपेंसी 76.77त्न थी। वास्तविक आंकड़े अभी आने बाकी हैं।

# करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में चला रणवीर-आलिया का जादू



करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने आज सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है।इस फिल्म के जरिए करण ने बतौर निर्देशक 7 साल बाद वापसी की है तो आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। दोनों की जोड़ी इससे पहले गली ब्वॉय में साथ नजर आई थी और ऐसे में प्रशंसक उन्हें फिर से साथ देखने के लिए उत्सुक थे। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की 2 ऐसे लोगों की कहानी है, जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। एक ओर दिल्ली का पंजाबी लड़का रॉकी रंधावा (रणवीर) है, जो शहर के बड़े मिठाई कारोबार वाले परिवार से आता है तो दूसरी ओर न्यूज एंकर रानी चटर्जी (आलिया) बंगाली परिवार से ताल्लुक रखती है।दोनों अपने दादा (धर्मेंद्र) और दादी (शबाना आजमी) की अधूरी लव स्टोरी को मुकम्मल करने के लिए मिलते हैं, लेकिन एक-दूसरे पर दिल हार जाते हैं। एक ओर रॉकी और रानी का प्यार परवान पर चढ़ रहा है तो उनका परिवार ही उनके लिए परेशानी बन जाता है।दोनों जानते हैं कि उनके परिवारों के बीच में कोई मेल नहीं है और इसलिए वे उन्हें समझने के लिए 3 महीने एक-दूसरे के घर जाकर रहने का फैसला लेते हैं।इन दौरान उनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आते हैं। अब उनकी मोहब्बत को मुकाम मिलेगा या नहीं, यह देखने के लिए आपको सिनेमाघरों का रुख करना होगा। रणवीर मस्तमौला रॉकी के किरदार को बखूबी निभाने में सफल रहे हैं तो आलिया भी हर बिंदु पर खरी उतरी हैं, वहीं इमोशनल सीन में दोनों दिल जीत लेते हैं।हालांकि, फिल्म में कुछ जगहों पर ऐसा महसूस होता है कि गली ब्वॉय के रणवीर और आलिया को डिजाइनर कपड़े पहनाकर पर्दे पर लाया गया है। कुछ जगहों पर ओवरएक्टिंग का एहसास होता है, लेकिन वे ज्यादा परेशान नहीं करते। कुल मिलाकर स्क्रीन पर दोनों की जोड़ी कमाल लगती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com